तापमान
अधिकतम 23 .8 डिग्री
न्यूनतम 5 .2 डिग्री

हरिभूमि
# जीटी रोड भूमि

रोहतक, शुक्रवार, 7 फरवरी 2025

12 शिविर में लोगों की समस्याओं को गंभीरता से लें अधिकारी

12 डीसी ने एसडीम कार्यालय अम्बाला छावनी का दौरा किया

## खबर संक्षेप

### करनाल के दयाल सिंह कॉलेज में संगोष्ठी आज

**करनाल।** दयाल सिंह कॉलेज में वाणिज्य विभाग, प्राणी शास्त्र विभाग एवं महिला विकास प्रकोष्ठ के संयुक्त तत्वावधान में समावेशी हरित अर्थव्यवस्थाओं पर महिलाएँ, उद्यमशीलता और पर्यावरण के प्रति चिंता विषय पर एक दिवसीय बहु-विषयक अंतरराष्ट्रीय संगोष्ठी का आयोजन 7 फरवरी को किया जाएगा। इस संगोष्ठी को आईसीएसएसआर, नई दिल्ली द्वारा प्रायोजित तथा निदेशक उच्च शिक्षा, हरियाणा एवं आईयूसीएन पर्यावरण, आर्थिक और सामाजिक नीति आयोग (सीइएसपी) द्वारा अनुमोदित किया गया है।

### सूने घर का ताला तोड़ कर डाली सेंधमारी

**यमुनानगर।** जगाधरी की गुलाब नगर कॉलोनी में चोरों ने सूने घर का ताला तोड़कर करीब डेढ़ लाख रुपये की कीमत के जेवरात व अन्य सामान चोरी कर लिया। घटना के समय परिवार के साथ किसी काम से बाहर गए थे। घर लौटने पर चोरी का पता चला। गुलाब नगर जगाधरी निवासी भजन लाल ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि वह दो फरवरी को दोपहर 12 बजे घर का ताला लगाकर परिवार के साथ किसी काम से बाहर गया था। जब वह वापस लौटे तो घर का लगा ताला टूटा हुआ था और अंदर सामान बिखरा पड़ा था। जांच करने पर घर से अलमारी में सोने व चांदी के जेवरात, गैस सिलेंडर, इनवर्टर व अन्य सामान गायब मिला। उसने बताया कि चोरी हुए जेवरात व अन्य सामान की कीमत करीब एक लाख 53 हजार रुपये है। उसने चोरी की सूचना पुलिस को दी। पुलिस ने मामले की जांच के बाद अज्ञात चोरों के खिलाफ केस दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी।

### ट्रैक्टर ने मजदूर को मारी टक्कर, मौत

**इसराना।** परढाना रोड सीमेंट फैक्ट्री के पास एक ईंट भट्टे के पास सरस्वती पूजा के दौरान मूर्ति विसर्जन को ले कर जा रहे ट्रैक्टर ने एक मजदूर को टक्कर मार दी। हादसे में मजदूर की मौके पर ही मौत हो गई। पुलिस ने शव का पानीपत के सरकारी अस्पताल में पोस्टमार्टम करा शव को परिजनों को सौंप दिया। पुलिस ने मृतक के बेटे की शिकायत पर ट्रैक्टर चालक के खिलाफ मामला दर्ज किया है। पुलिस को दी शिकायत में गंगा महतो वासी अकरा फाटक बस्ती महेशतला जिला साउथ परगना वेस्ट बंगाल ने बताया कि उसका पिता दारा महतो परढाना रोड सीमेंट फैक्ट्री के पास एक ईंट भट्टे पर पथेर का काम करता था।

### जीयू में महिला क्रिकेट प्रतियोगिता शुरू

**इसराना।** ऑल इंडिया यूनिवर्सिटी के तत्वाधान में उप मंडल के गांव नौल्था मे स्थित गीता यूनिवर्सिटी में आयोजित नॉर्थ जोन इंटर यूनिवर्सिटी महिला क्रिकेट प्रतियोगिता के उद्घाटन समारोह में बतौर मुख्यातिथि पहुंची महिला आयोग की चेयरपर्सन रेनू भाटिया ने खिलाडियों का उत्साह वर्धन किया। उन्होंने कहा की केंद्र व प्रदेश सरकार बेटियों पढ़ाने और आगे बढ़ाने के लिए काम कर रही है। प्रतियोगिता का शुभारंभ मुख्य अतिथि चेयरपर्सन रेनू भाटिया, विधायक प्रमोद विज, प्रो.चांसलर निशांत बंसल, प्रो. चांसलर अंकुश बंसल, कुलपति डा.विकास सिंह, पीवीसी डा.गुलशन चौहान ने दीप प्रज्वलित कर किया। प्रतियोगिता में दिल्ली, हरियाणा, चंडीगढ़, पंजाब, उत्तर प्रदेश, हिमाचल प्रदेश व जम्मू एंड कश्मीर की 32 यूनिवर्सिटी की महिला क्रिकेट खिलाड़ी हिस्सा ले रही हैं।

ऊर्जा, परिवहन एवं श्रम मंत्री ने किया शहीद स्मारक का निरीक्षण

# शहीद स्मारक का उद्घाटन प्रधानमंत्री मोदी से करवाने के लिए समय मांगेंगे : विज

हरिभूमि न्यूज ▶▶ अम्बाला

हरियाणा के ऊर्जा, परिवहन एवं श्रम मंत्री अनिल विज ने कहा कि अम्बाला छावनी में सन् 1857 में देश के प्रथम स्वतंत्रता संग्राम की याद में बन रहे शहीद स्मारक का उद्घाटन प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी करें इसके लिए वह प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से समय मांगेंगे और उन्हें उम्मीद है कि प्रधानमंत्री उन्हें इसके लिए समय जरूर देंगे।

■ 10 मई तक स्मारक बनकर जनता को समर्पित करने के निदेश

कैबिनेट मंत्री अनिल विज ने कहा उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिए हैं कि हर हालत में 10 मई तक शहीद स्मारक बनकर जनता को समर्पित हो जाना चाहिए, इसके लिए वह प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से भी समय मांगेंगे और वह उम्मीद करते हैं कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी इसके उद्घाटन के लिए उन्हें समय जरूर देंगे। श्री विज आज जीटी रोड पर निर्माणाधीन शहीद स्मारक के निरीक्षण के उपरांत पत्रकारों से बातचीत कर रहे थे। निरीक्षण के दौरान मंत्री अनिल विज ने स्मारक के म्यूजियम में चल रहे कार्यों बारीकी से निरीक्षण किया। उन्होंने कहा कि शहीद स्मारक एशिया का सबसे बड़ा स्मारक होगा। स्मारक में कलाकारों ने अपनी कला का कमाल करके बहुत ही शानदार एक्जीबिट बनाए हैं। शहीद स्मारक में आजादी की लड़ाई के एक-एक क्षण को दिखाया जाएगा। इस स्मारक में आजादी के अनसंग हीरोज के बारे में पूरी जानकारी दी जाएगी। इसमें यह भी दिखाया जाएगा कि "कैसे अंग्रेजों ने क्रूरता दिखाते हुए लोगों को पेड़ों और तोपों से बांध बांध कर मारा था"। स्मारक में जहां एक तरफ बहुत बड़ा कमल का फूल बनाया गया है, तो वहीं दूसरी तरफ इसमें एक शानदार झील का भी निर्माण किया गया है। मेमोरियल टॉवर में ऊपर नीचे आने-जाने के लिए दो बड़ी लिफ्ट लगाई गई है। इसके इलावा 2000 लोगों के लिए आडिटोरियम बनाया गया है। आजादी की लड़ाई के शहीदों की पूरी कहानी बयान करने के लिए देश के चर्चित और नामी डायरेक्टर से एक प्ले तैयार करवाया जा रहा है।

गौरतलब है 10 मई को ही 1857 में प्रथम स्वतंत्रता संग्राम की ज्वाला अम्बाला छावनी से ही प्रारंभ हुई थी जिसकी याद में इस स्मारक का निर्माण किया जा रहा है। श्री विज ने शून्य गैलरी का भी दौरा किया, जिसमें पेड़ों की स्थापना को दर्शाया गया है, जहां अंग्रेजों द्वारा अत्याचार किए गए थे और स्वतंत्रता सेनानियों को पेड़ से लटका दिया गया था। अंत में श्रद्धांजलि गैलरी दिखाई गई जहां आगंतुक एक संवादात्मक स्थापना के माध्यम से 1857 के महान स्वतंत्रता सेनानियों को श्रद्धांजलि देंगे। परिवहन व ऊर्जा मंत्री अनिल विज ने शहीदी स्मारक का अवलोकन करते हुए यहां पर आर्ट वर्क से सम्बन्धित जो कार्य किए जा रहे है उसका बारिकी से अवलोकन किया। स्मारक में आर्ट वर्क को देखकर मंत्री अनिल विज खासे प्रभावित हुए और उन्होंने कारीगरों की कलाकारी की खूब प्रशंसा की। पूरा स्मारक 1857 के स्वतंत्रता संग्राम को समर्पित होगा जिसमें उस समय परिदृश्य को बखूबी प्रदर्शित किया जाएगा। स्मारक में 1857 के समय हरियाणा क दृश्य के अलावा मेरठ, यूपी, झांसी की रानी, तांत्या टोपे, गुजरात और महान क्रांतिकारियों द्वारा देश को आजाद करवाने के लिए जो कुर्बानी दी उसको दर्शाया जाएगा। कैबिनेट मंत्री अनिल विज ने कहा कि आजादी की लड़ाई की पहली चिंगारी मेरठ से 10 घंटे पहले 10 मई को प्रातः 9 बजे अम्बाला छावनी से शुरू हुई थी। उन्होंने कहा कि अनसंग हीरोज ने देश की आजादी के लिए अपने प्राणों को न्यौछावर कर दिया था, उन्हें कभी याद नहीं किया गया। इसलिए यहां पर शहीदी स्मारक बनाने का काम किया जा रहा है। सारे देश के लोग यहां पर आकर स्मारक को देखेंगे तथा युवा पीढ़ी के साथ-साथ हमारे बच्चों को भी आजादी की लड़ाई के इतिहास के बारे में सम्पूर्ण जानकारी यहां से मिल सकेगी कि किस प्रकार अंग्रेजी हुकूमत ने पेड़ों से बांधकर हमारे सैनिकों को बर्बरता से पीटा, तोपों के आगे बांधकर भी उन्हें मारा गया। निरीक्षण के दौरान मौके पर प्रशासनिक अधिकारियों के अलावा भाजपा नेता मोहित कौशिक, रवि बुद्धिराजा, हर्ष बिंद्रा, प्रमोद लक्की, श्याम सुंदर अरोडा, दीपक भसीन, अनुज यादव एवं अन्य मौजूद रहे।

अंबाला। शहीदी स्मारक का निरीक्षण करते हुए केबिनेट मंत्री अनिल विज।

### हेलीपैड की भी व्यवस्था

कैबिनेट मंत्री अनिल विज ने कहा कि शहीद स्मारक में सुंदर झील बनाई गई है। लगभग 2000 लोगों के बैठने के लिए यहां पर ऑडिटोरियम की व्यवस्था है। रोजाना यहां पर लाइट एंड साउंड का कार्यक्रम होगा जिसमें बेहतरीन डाक्यूमेंट्री फिल्म दिखाई जाएगी।

### लिफ्ट शुरू नहीं होने पर लगाई फटकार

स्मारक में निरीक्षण के दौरान मेमोरियल टॉवर की दोनों लिफ्ट अब तक चालू नहीं होने पर कैबिनेट मंत्री अनिल विज खासे नाराज हुए। उन्होंने पीडब्ल्यूडी इलेक्ट्रिकल विंग के एक्सईएन नवीन राठी को फटकार लगाते कहा कि "दस दिन तक लिफ्ट नहीं चली तो ग्यारहवें दिन आप सस्पेंड होंगे"। उन्होंने कहा वह ग्यारहवें दिन आकर लिफ्ट में टावर के ऊपरी हिस्से तक जाएंगे।

### म्यूजियम में आर्ट वर्क का निरीक्षण

कैबिनेट मंत्री अनिल विज को आर्ट वर्क की प्रिंसिपल एसोसिएट रितिका व अन्य टीम ने प्रथम तल पर हरियाणा में लड़ी गई लड़ाइयों का विवरण दिया गया। विभिन्न संवादात्मक माध्यम से लड़ाइयों की कहानियों को समझाया गया। गैलरी में पुतलों, भित्ति चित्रों और ऑडियो अनुभवों के माध्यम से 1857 के हरियाणा को प्रदर्शित किया गया है। भूमिगत सुरंग के दृश्य और अनुभव को फिर से बनाया गया है, जहाँ राव तुला राम ने अंग्रेजों के खिलाफ लड़ाई लड़ने के लिए अपनी हवेली में गोला-बारूद का कारखाना स्थापित किया था। भारत के विभिन्न क्षेत्रों में लड़ी गई लड़ाइयों को ग्राउंड फ्लोर पर कलाकृतियों और प्रतिष्ठानों जैसे कि मेरठ की जेल, दिल्ली में कश्मीरी गेट की प्रतिकृति, बिठूर घाट पर नाना साहब की घोषणा, झांसी किले में लड़ी गई लड़ाइयों आदि के बारे बताया गया।

# एलएनजेपी अस्पताल का ब्लड बैंक बना नंबर वन

■ सीएमओ डा. सुखबीर सिंह ने प्राप्त किया अवार्ड

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कुरुक्षेत्र

जिला सिविल सर्जन एवं निदेशक डा. सुखबीर सिंह ने कहा कि लोक नायक जयप्रकाश नागरिक अस्पताल कुरुक्षेत्र के ब्लड बैंक को हरियाणा का सर्वश्रेष्ठ ब्लड बैंक होने का खिताब मिला है।

उपलब्धि पर उपायुक्त नेहा सिंह के साथ-साथ तमाम आला अधिकारियों ने सीएमओ एवं ब्लड बैंक के अधिकारियों और कर्मचारियों को बधाई और शुभकामनाएं भी दी है। अहम पहलू यह है कि एलएनजेपी ब्लड बैंक ने वर्ष 2024 में 5938 यूनिट रक्त एकत्रित किया और 134 रक्तदान शिविरों का आयोजन किया। इसके बाद ही एनक्यूएएस की तरफ से क्वालिटी वर्क में सबसे ज्यादा अंक दिए गए है। सीएमओ डा. सुखबीर सिंह ने कहा कि डीजीएचएस भारत सरकार की तरफ से कोची केरला में एक कार्यक्रम का आयोजन किया गया।

इस कार्यक्रम में डीजीएचएस भारत सरकार के अधिकारियों ने कुरुक्षेत्र ब्लड बैंक को हरियाणा में सबसे सराहनीय कार्य करने पर प्रथम पुरस्कार से सम्मानित किया है। इस ब्लड बैंक के अधिकारियों और कर्मचारियों की तरफ से केरला के कोची में यह पुरस्कार हासिल किया है। उन्होंने कहा कि हरियाणा में कुल 33 राजकीय ब्लड बैंक है, इनमें कुरुक्षेत्र एलएनजेपी को प्रथम स्थान मिला है। उन्होंने ब्लड बैंक के सभी अधिकारियों और कर्मचारियों को बधाई देते हुए कहा कि सभी अधिकारियों और कर्मचारियों ने ब्लड बैंक में सरकार द्वारा निर्धारित नियमों की पालना करते हुए अच्छी गुणवत्ता और पारदर्शी प्रणाली से कार्य किया है। इस ब्लड बैंक ने हमेशा जरूरत पड़ने पर रक्त एकत्रित करने का काम किया है। इस ब्लड बैंक में आने वाले हर जरूरतमंद व्यक्ति को रक्त उपलब्ध करवाया गया है।




कुरुक्षेत्र। अवार्ड प्राप्त करते सीएमओ डा. सुखबीर सिंह।

# अंतरजातीय विवाह करने वाली प्रत्याशियों का विरोध करेंगे

■ निकाय चुनाव को लेकर महर्षि वाल्मीकि आश्रम में हुई बैठक

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कुरुक्षेत्र

वर्ष 1995 के करीब 30 साल बाद थानेसर नगरपरिषद की चेयरमैनी पहली बार एससी समाज महिला के लिए आरक्षित की गई है। 2 मार्च को थानेसर नगरपरिषद के चुनाव होने जा रहे हैं। ऐसे में थानेसर नगरपरिषद की चेयरमैनी की लिए सभी दलों से एक नहीं बल्कि अनेक महिलाओं ने अपनी दावेदारी पेश की है। इन सभी दावेदारियों के बीच एससी समाज ने उन दावेदारों को लेकर रोष जताना शुरू कर दिया है जो संबंध तो एस सी समाज से रखते हैं परंतु उनका विवाह जनरल कैटेगरी में हुआ है। ऐसे में एससी समाज के लोगों का कहना है कि वर्षों बाद उन्हें चेयरमैनी का मौका मिला है। अगर उसमें भी सामान्य वर्ग के लोग इसके फायदा उठाने की कोशिश करेंगे तो हम ऐसे उम्मीदवारों का चुनावों में बहिष्कार करेंगे। आज इसी विषय पर महर्षि वाल्मीकि आश्रम एवं वाल्मिकी सभा आश्रम में एक बैठक का आयोजन किया गया।

इस बैठक में सभा के प्रधान जगीर सिंह, वरिष्ठ उपप्रधान रामनाथ मंडल, उपप्रधान यशपाल नंबरदार, उपप्रधान दीपक गिल, कोषाध्यक्ष जरनैल सिंह, भाजपा नेता अमित गिल आदि ने सरकार से अपील करते हुए कहा कि उनके समाज में जन्मी और विवाही महिला को ही चेयरमैनी की टिकट दी जाए। अन्यथा हम चुनाव का और ऐसे उम्मीदवारों का बहिष्कार करेंगे। कुरूक्षेत्र में 8 फरवरी को अनुसूचित जाति जागृति मंच एवं अंबेडकर जागृति मिशन मंच द्वारा इसी विषय को लेकर श्री गुरु रविदास मंदिर एवं धर्मशाला में एक बैठक का भी आयोजन किया जा रहा है। इस बैठक में सभी अनुसूचित जातियों के प्रमुख व आम व्यक्तियों से निवेदन किया गया है कि इस बैठक में पार्षद और चेयरमैन का चुनाव चुनाव लड़ने के इच्छुक उम्मीदवारों को लेकर चर्चा होगी। इसके अलावा इस बैठक का मुख्य मुद्दा अंतरजातीय विवाह करने वाली महिलाओं के चेयरमैन के पद पर प्रत्याशी के रूप में अपनी रुचि दिखाना होगा जिससे आरक्षण व सभी अनुसूचित जाति समाज के अधिकारों पर कुठाराघात होगा। गौरतलब है कि ऐसे उम्मीदवारों के विरोध में समाज के कई संगठन और बुद्धिजीवी सक्रिय हो गए हैं।

उनका स्पष्ट कहना है कि अंतरजातीय विवाह करने वाले महिलाओं को अगर कोई राजनीतिक दल अपना प्रत्याशी बनाएगा तो अनुसूचित जाति समाज इसका विरोध करेगा क्योंकि ये आरक्षण से लूट और कुठाराघात है। इस प्रकार उनके राजनीतिक हकों को छीनने वाले दलों का सामाजिक बहिष्कार किया जाएगा।

कुरुक्षेत्र। महर्षि वाल्मीकि आश्रम एवं वाल्मिकी सभा आश्रम में आयोजित बैठक में भाग लेते पदाधिकारी।

# एंटी करप्शन इंडिया के 'फाउंडेशन डे' पर आएंगी सेलिब्रिटी

**करनाल।** एंटी करप्शन फाउंडेशन ऑफ इंडिया की राष्ट्र स्तरीय बैठक का आयोजन राष्ट्रीय कार्यालय में हुआ जिसमें पंजाब के जिला मोगा से फाउंडेशन के नैशनल चेयरमैन विजिलेंस एंड क्राइम सैल सुमित पुजाना ने विशिष्ट अतिथि के रूप में शिरकत की। बैठक में विशेष रूप से इंटरनेशनल चेयरमैन पवन शर्मा, इंटरनेशनल चीफ डायरेक्टर अजीत राही एवं जिला निदेशक करनाल डॉ विक्रम सिंह उपस्थित रहे। बैठक में फाउंडेशन के सातवें स्थापना दिवस के आयोजन करवाने पर विशेष चर्चा की गई। नरेंद्र अरोड़ा ने कहा कि एंटी करप्शन फाउंडेशन ऑफ इंडिया का सातवां स्थापना दिवस 2 मार्च को पांच सितारा होटल नूर महल में भव्य रूप से मनाया जाएगा जिसमें फिल्म अभिनेता दिलीप ताहिल एवं अभिनेत्री सुधा चंद्रन सेलिब्रिटी चीफ गेस्ट के रूप में शिरकत करेंगे। उन्होंने कहा कि इस अवसर पर फाउंडेशन के टॉप लीडर्स को ग्लोबल आइकॉन अवॉर्ड से सम्मानित किया जाएगा। इस अवसर पर कार्यक्रम में भाग लेने वाले गेस्ट एवं अवॉर्डी का लक्की ड्रॉ निकाल कर उन्हें सैमसंग ए 55 मोबाइल फोन एवं विजिटर का लक्की ड्रॉ निकाल कर उन्हें सैमसंग का ए &5 मोबाइल दिया जाएगा।

### विजय ने नेशनल जैवलिन थ्रो में जीता रजत पदक

**पानीपत।** जिला के गांव आट्टा निवासी हाल निवासी मुखीजा कालोनी पानीपत विजय गाहल्याण ने केरल में आयोजित सीनियर नेशनल एथलेटिक्स चैंपियनशिप में हिस्सा लेकर जैवलिन थ्रो में रजत जीता। उन्होंने 40 प्लस आयु कैटेगरी में भाग लिया। इससे पहले भी विजय गाहल्याण नेशनल जैवलिन थ्रो प्रतियोगिता में में चार स्वर्ण, एक रजत व एक ब्रांज मेडल जीत चुके हैं। वे स्टेट टूर्नामेंट में भी 9 स्वर्ण और एक रजत पदक जीत चुके हैं। विजय सूचना, लोक संपर्क एवं संस्कृति विभाग में चंडीगढ़ में असिस्टेंट मैनेजर के पद पर कार्यरत हैं। विजय गाहल्याण को बचपन से कुश्ती का शौक था। अंतरराष्ट्रीय कोच प्रेम सिंह आंतिल से कुश्ती के टिप्स सीखें। उन्होंने जिला व राज्य स्तरीय कुश्ती प्रतियोगिता में भी कई पदक जीते। चोट लगने के बाद वे पानीपत के शिवाजी स्टेडियम में कोच ओपी सिंहमार के पास जैवलिन थ्रो का अभ्यास करने लगे।

पानीपत। जीते गए मेडल के साथ विजय गाहल्याण ।

प्रधानमंत्री कृषि योजना के तहत वाटरशेड यात्रा कार्यक्रम शुरू

# जल संरक्षण को प्राथमिकता देने के लिए प्रतिबद्ध

■ जिप के चेयरमैन रमेश ठसका ने कार्यक्रम का किया शुभारंभ

हरिभूमि न्यूज ▶▶ यमुनानगर

हरियाणा सरकार द्वारा प्रधानमंत्री कृषि सिंचाई योजना (वाटरशेड योजना 2.0) के तहत खंड साढ़ौरा के गांव पहाड़ीपुर में राज्यस्तरीय वाटरशैड यात्रा कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में मुख्यातिथि के रुप में जिला परिषद के चेयरमैन रमेश कुमार ठसका ने भाग लिया। वहीं, विशिष्ठ अतिथि के रुप में ग्रामीण विकास विभाग के निदेशक जेके अभीर मौजूद रहे। मौके पर मुख्यातिथि ने एक पेड़ मां के नाम योजना के तहत पौधारोपण किया। वहीं, अमृत सरोवर योजना के अंतर्गत गांव पहाड़ीपुर के तालाब की 41 मीटर लंबी रिटेनिंग वाल बनाने के कार्य का शिलान्यास भी किया। मुख्यातिथि एवं जिला परिषद के चेयरमैन रमेश ठसका व विशिष्ठ अतिथि जेके अभी ने कार्यक्रम के शुभारंभ पर वाटरशेड यात्रा की वैन को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। यह यात्रा तीन दिन तक जिला के विभिन्न गांवों को कवर करेगी। इसके बाद यह यात्रा किसानों को प्रधानमंत्री कृषि सिंचाई योजना 2.0 के बारे में जागरूक करते हुए भिवानी, महेंद्रगढ़, दादरी व गुरुग्राम में जाएगी। जिला परिषद चेयरमैन रमेश ठसका ने कहा कि पानी की हर बूंद बहुमूल्य है। सरकार जल संरक्षण को उच्च प्राथमिकता देने के लिए प्रतिबद्ध है। प्राथमिकता के आधार पर सरकार काफी समय से लंबित पड़ी सिंचाई परियोजनाओं को पूरा करेगी और हर खेत को पानी के लक्ष्य के साथ प्रधानमंत्री कृषि सिंचाई योजना की शुरुआत करेगी। ग्रामीण विकास विभाग के निदेशक जेके अभीर ने कहा कि जल संरक्षण करना बेहद जरूरी है। यही वजह है कि पानी की बर्बादी को रोकने और लोगों को इसका महत्व समझाने के लिए हर साल 22 मार्च को विश्व जल दिवस मनाया जाता है। जिला परिषद के सीईओ वीरेन्द्र सिंह ढुल ने कहा कि प्रधानमंत्री कृषि सिंचाई योजना का दृष्टिकोण देश में सभी कृषि फार्म में संरक्षित सिंचाई की पहुंच को सुनिश्चित करेगा। ताकि प्रति बूंद अधिक फसल उत्पादन लिया जा सके। डीएससीओ अंबाला डॉ. अंकित अत्री ने कहा कि पृथ्वी पर सभी के अस्तित्व के लिए पानी आवश्यक है।

यमुनानगर। पहाड़ीपुर में वाटरशेड कार्यक्रम में ग्रामीणों को जल संरक्षण की शपथ दिलाते हुए मुख्यातिथि व अन्य।

# दो महिलाओं ने लगाया दुष्कर्म करने का आरोप

■ दो आरोपी युवकों समेत तीन के खिलाफ दुष्कर्म का मामला दर्ज

हरिभूमि न्यूज ▶▶ यमुनानगर

जिले में अलग-अलग स्थानों पर दो महिलाओं के साथ दुष्कर्म करने का मामला सामने आया है। पुलिस ने आरोपी युवकों समेत तीन के खिलाफ केस दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी। शहर के कैंप क्षेत्र निवासी 26 वर्षीय महिला ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि उसकी कमल के साथ जान पहचान थी। गत चार फरवरी को सुबह नौ बजे उसके परिवार के सभी सदस्य अपने-अपने काम पर चले गए थे। वह घर पर अकेली थी। इस दौरान आरोपी कमल उनके घर पर आ गया। आरोपी ने उसे घर पर अकेला पाकर उसके साथ जबरदस्ती दुष्कर्म किया। उसके शोर मचाने पर आरोपी जान से मारने की धमकी देकर फरार हो गया। उसने घटना की सूचना परिजनों को दी। वहीं, सदर यमुनानगर थाना क्षेत्र की एक कॉलोनी निवासी 28 वर्षीय महिला ने बताया कि कुछ दिन पहले वह किसी काम से कहीं जा रही थी। इस दौरान रास्ते में पवन ने उसे जबरदस्ती पकड़ लिया और सुनसान स्थान पर ले गया। जहां पर आरोपी ने उसके साथ गलत काम किया। आरोपी ने उसे इस बारे में किसी को बताने पर जान से मारने की धमकी दी। इसके बाद आरोपी फिर से उसके साथ संबंध बनाने का दबाव बनाने लगा। उसने दोनों आरोपियों के खिलाफ पुलिस में शिकायत दी।

## खबर संक्षेप

### आर्य विद्यालय करवाया सूर्य नमस्कार का अभ्यास

**कुरुक्षेत्र।** आज हरियाणा योग आयोग के चेयरमैन डॉ जयदीप आर्य के आह्वान पर शिक्षा विभाग के सहयोग से कुरुक्षेत्र के कच्चा घेर में स्थित आर्य वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय के प्रांगण में विद्यार्थियों को सामूहिक सूर्य नमस्कार का अभ्यास हरियाणा योग आयोग के वरिष्ठ सदस्य डॉ मनीश कुकरेजा द्वारा कराया गया। सर्वप्रथम विद्यालय के प्रिंसिपल बलदेव राज सैनी द्वारा आए हुए अतिथियों का स्वागत किया गया। डॉ कुकरेजा ने सभी विद्यार्थियों को सूर्य नमस्कार के 12 मंत्रों के अर्थ स्पष्ट करते हुए जानकारी दी व कहा कि सूर्य नमस्कार करने से शारीरिक, मानसिक व आध्यात्मिक स्वास्थ्य उन्नत होता है।

### कर्मियों को सरकार की तर्ज पर मिलेगा एक्स ग्रेशिया नियम 2019 का लाभ

**कुरुक्षेत्र।** शाहबाद सहकारी चीनी मिल के कर्मचारियों को सरकार की तर्ज पर एक्स ग्रेसिया नियम 2019 का फायदा मिलेगा। इस मुद्दे पर शाहबाद सहकारी चीनी मिल बोर्ड आफ डायरैक्टर की बैठक में मोहर लगा दी गई है। इसके अलावा 2 अन्य मामलों पर भी सदस्यों ने अपनी सहमति व्यक्त की है। शाहबाद सहकारी चीनी मिल के बोर्ड आफ डायरेक्टर की एक बैठक वीरवार को लघु सचिवालय के सभागार में उपायुक्त नेहा सिंह की अध्यक्षता में सम्पन्न हुई। इस बैठक में शुगर मिल से सम्बन्धित अन्य विषयों अन्य विषयों पर चर्चा की गई।

### समाधान शिविर में किया 22 समस्याओं का निपटारा

**थानेसर।** प्रशासन की तरफ से लघु सचिवालय के सभागार में समाधान शिविर का आयोजन किया गया। इस समाधान शिविर में विभिन्न विभागों की 22 समस्याओं का मौके पर समाधान किया गया। जिला परिषद के डिप्टी सीईओ कृष्ण लाल ने वीरवार को लघु सचिवालय के सभागार में लोगों की समस्याएं सुनी और क्रिड सहित अन्य विभागों की 22 समस्याओं का मौके पर समाधान किया गया।

### प्रो. वीएन अत्री ने लिया राष्ट्रीय सम्मेलन में भाग

**कुरुक्षेत्र।** कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय के अंतरराष्ट्रीय इंडो-पैसिफिक अध्ययन केंद्र के निदेशक प्रो. वीएन अत्री ने इंडो-पैसिफिक और हिंद महासागर क्षेत्र पर अंतर्राष्ट्रीय सम्मेलन में भाग लिया। इस अवसर पर प्रो. वीएन अत्री ने ह्यब्लू इकोनॉमी और क्षेत्रीय सहयोगः कार्यान्वयन के तंत्र की खोज पर अपनी प्रस्तुति दी।

### हरियाणा रिटायर कर्मचारी संगठन का चुनाव आज

**कुरुक्षेत्र।** राज्य कार्यकारिणी की मीटिंग में लिए गए निर्णय अनुसार 7 फरवरी को नया बस स्टैंड कुरूक्षेत्र के पास ताज पार्क में जिला कुरुक्षेत्र के रिटायर कर्मचारियों की बैठक होगी। बैठक में जिले का चुनाव, चुनाव प्रभारी कुलभूषण शर्मा, महासचिव, पहला सिंह तंवर कार्यकारी प्रधान, प्रेम सिंह बैरथली राज्य उप प्रधान, राजपाल गुंसर की देखरेख में किया जाएगा। मीटिंग में हरियाणा रिटायर कर्मचारी संगठन जिला कुरुक्षेत्र के सभी ब्लॉकों के कार्यकारिणी सदस्य एवं सक्रिया सदस्य भाग लेंगे रिटायर कर्मचारियों की मुख्य मांगे, मेडिकल कैशलेस धरातल पर लागू हो तथा सरकारी कार्यालय द्वारा कैशलेस कार्ड जारी किया जाए, 65,70, 75 की उम्र के बाद पेंशन बेसिक पे में 5 ,10 ,15% बढ़ोतरी की जाए, मेडिकल भत्ता 1000 की जगह 3000 किया जाए, फैमिली पेंशनर को एलटीसी सुविधादी।

### 35 शहरी निकायों के चुनाव की घोषणा

# मेयर पद का चुनाव लड़ने के लिए 12 तो पार्षद के लिए 145 ने जताई इच्छा

राज्य में दो चरणों में शहरी निकाय चुनाव होंगे। नतीजे 10 दिन बाद 12 मार्च को आएंगे।

हरिभूमि न्यूज ⏭करनाल

करीब सवा दो साल के लंबे इंतजार के बाद हरियाणा के 35 शहरी निकायों के चुनाव की घोषणा हो गई है। राज्य में दो चरणों में शहरी निकाय चुनाव होंगे। आठ नगर निगमों, चार नगर परिषदों और 21 नगर पालिकाओं के मेयर, अध्यक्ष और पार्षदों के साथ अंबाला व सोनीपत नगर निगमों में मेयर के उप चुनाव के लिए दो मार्च को वोट पड़ेंगे। अकेले पानीपत नगर निगम के लिए नौ मार्च को दूसरे चरण में मतदान होगा। दोनों चरणों में होने वाले चुनाव के नतीजे 10 दिन बाद 12 मार्च को आएंगे।

उन सभी शहरी निकाय क्षेत्रों में आचार संहिता लगा दी गई है, जहां पर चुनाव होने हैं। करनाल नगर निगम, नीलोखेडी नगरपालिका, इंद्री नगर पालिका,असंध नगर पालिका के चुनाव की तारीख 2 मार्च 2025 निश्चित हुई है इस को लेकर आज भाजपा कार्यालय कर्ण कमल में पार्षद व मेयर पद व चैयरमेन का चुनाव लडने के इच्छुक लोगों ने भाजपा कार्यालय कर्ण कमल सैक्टर 9 में अपना बायो-डाटा कार्यकारी जिलाध्यक्ष बृज गुप्ता को जमा करवाया।

इस विषय को लेकर भाजपा जिला कार्यकारी अध्यक्ष बृज गुप्ता ने जानकारी देते हुए बताया कि करनाल नगर निगम से भाजपा की टिकट पर मेयर पद के चुनाव लडने के लिए निवर्तमान मेयर रेनु बाला गुप्ता, भाजपा के वरिष्ठ नेता एवं पूर्व जिलाध्यक्ष अशोक सुखीजा, पूर्व सीनियर डिप्टी मेयर कृष्ण गर्ग, पूर्व सीनियर डिप्टी मेयर राजेश अघी,मोनिक गर्ग,वरिष्ठ समाजसेवी भारत भूषण कपूर,निशांत शर्मा शानु,योगेश बुघरा,संजीव मेहता, विनय पॉसवाल, पूर्व पार्षद मुकेश अरोड़ा एवं अनूप भारद्वाज सहित 12 लोगों ने अपनी इच्छा जताते हुए भाजपा टिकट का आवेदन किया है और करनाल नगर निगम के 20 वार्डों में नगर पार्षद के चुनाव पर भाजपा के टिकट पर चुनाव लडने के लिए 145 आवेदन प्राप्त हुए हैं।

#### इंद्री से चार इच्छुक

इसी प्रकार इंद्री नगर पालिका में चैयरमेन पद के लिए भाजपा की टिकट पर चुनाव लड़ने के लिए 4 एवं वार्डों के चुनाव के लिए 19 तथा असंध नगरपालिका चेयरमैन पद के लिए 5 और नीलोखेड़ी पालिका चेयरमैन पद पर भाजपा की टिकट पर 4 लोगों ने चुनाव लड़ने की इच्छा जताते हुए आवेदन किया है।

#### ये रहे मौजूद

इस मौके पर करनाल भाजपा जिलाध्यक्ष बृज गुप्ता सहित, उपाध्यक्ष ईलम सिंह, जिला महामंत्री सुनील गोयल,जिला मीडिया प्रभारी डा अशोक कुमार, जिला आई टी प्रमुख विकास कथूरिया, कर्ण मंडल अध्यक्ष बत्रा, अर्बन मंडल अध्यक्ष गौरव खुराना सहित अन्य वरिष्ठ नेता व कार्यकर्ता मौजूद रहे।

### नगर निकाय चुनाव की तैयारियां, कांग्रेस आज करेगी मंथन

**करनाल।** प्रदेश कांग्रेस कमेटी ने प्रदेश में नगर निकाय चुनाव की तैयारियां शुरू कर दी हैं। नगर निगम, नगर परिषद व नगर पालिकों के चुनाव के लिए दो मार्च को वोटिंग होगी और 12 मार्च को नतीजे घोषित किए जाएंगे। करनाल जिला के कांग्रेस नेताओं की मीटिंग सात फरवरी को मानव सेवा संघ में बुलाई गई है। विधायक एवं निकाय चुनाव के लिए करनाल प्रभारी अशोक अरोड़ा यह मीटिंग लेंगे। करनाल जिला कांग्रेस के संयोजक त्रिलोचन सिंह ने यह जानकारी दी। उन्होंने बताया कि मीटिंग सुबह 11 बजे शुरू होगी। विधायक अशोक अरोड़ा नगर निगम, नगर पालिका व नगर परिषद चुनावों को लेकर पदाधिकारियों के साथ महत्वपूर्ण बैठक करेंगे। बैठक में हाल ही में निकाय चुनाव के लिए नियुक्त किए गए सभी सदस्य प्रमुख तौर पर पहुंचेंगे। सभी पूर्व विधायक, वर्ष 2024 में चुनाव लड़ चुके नेता तथा सभी कांग्रेस के सभी प्रकोष्ठों के पदाधिकारी और नगर निगम, नपा व नप चुनाव लड़ने वालों का आमंत्रित किया गया है।

### सैनी समाज ने किया निकाय चुनावों मे समर्थन देने का एलान

हरिभूमि न्यूज ⏭करनाल

■ मान-सम्मान में नही आने दी जाएगी कोई कमी : जगमोहन

करनाल के विधायक जगमोहन आनंद ने कहा कि आने वाले निकाय चुनावों में भाजपा की एक तरफा जीत होगी और प्रदेश में ट्रिपल इंजन की सरकार विकास कार्यों की गति को और तेजी से आगें बढ़ाएगी। करनाल के विधायक वीरवार को स्थानीय सैनी धर्मशाला में सैनी समाज द्वारा आयोजित समारोह में बतौर मुख्य अतिथि बोल रहें थे।

इस मौके पर उन्होंने निकाय चुनावों में सैनी समाज का एक तरफा समर्थन देने पर आभार प्रकट किया और विश्वास दिलाया कि किसी के मान-सम्मान में कोई कमी नही आनें दी जाएगी और विकास की गति का पहिया दिन-रात घूमेगा। विधायक ने कहा कि उन्हें पूरा विश्वास है कि करनाल नगर निगम के चुनावों में भाजपा को मेयर बनेगा और सभी 20 वार्डों में भाजपा के निगम पार्षद बनेगें। इस अवसर पर सैनी समाज के प्रधान अमित सैनी, सचिव विनोद सैनी, कोषाध्यक्ष अनिल सैनी, योगेन्द्र सैनी, रवि सैनी, सुरजीत सैनी, नाथीराम सैनी, ताराचन्द सैनी, ओमप्रकाश सैनी, राजीव सैनी, कृष्ण सैनी, गगन सैनी, जोगिन्द्र सैनी तथा महेन्द्र सैनी सहित सैनी समाज के सभी पदाधिकारीगण उपस्थित थे।

### कांग्रेस की उत्तरी जोन कोर्डिनेशन कमेटी की महत्वपूर्ण बैठक में चुनावों पर चर्चा

**करनाल।** नगर निकाय चुनाव के लिए बनाई गई कांग्रेस की उत्तरी जोन कोर्डिनेशन कमेटी की महत्वपूर्ण बैठक मंगलसेन सभागार में हुई। बैठक में चुनाव की तैयारियों की समीक्षा की गई। कमेटी के सभी सदस्यों ने इस बात पर जोर दिया कि नगर निगम, नगर परिषद और नगर पालिका चुनाव में ऐसे प्रत्याशी ही मैदान में उतारे जाए जो कांग्रेस को समर्पित होकर कार्य करते आ रहे हैं और चुनाव में जीत दर्ज कर सकते हैं। कांग्रेस पार्टी प्रत्येक कार्यकर्ता का सम्मान करती है। मेयर सहित चेयरमैन व पार्षद पद का चुनाव लडने के इच्छुक कार्यकर्ता उत्तरी जोन कोर्डिनेशन कमेटी व करनाल कमेटी के किसी भी सदस्य को अपना आवेदन जमा करवा सकते हैं।

# निपुण हरियाणा मिशन बुनियादी स्तर पर गुणवत्तापूर्ण शिक्षा को कर रहा सुनिश्चित

हरिभूमि न्यूज ⏭करनाल

■ एएसईआर 2024 के परिणामों के अनुसार निपुण हरियाणा मिशन के तहत ग्रेड 3 में लगातार सुधार हुआ है

राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 में भविष्य की शिक्षा के लिए बुनियादी शिक्षा को आवश्यक बताया गया है। 5 जुलाई, 2021 को शुरू किए गए 'निपुण भारत मिशन' का लक्ष्य 2026-27 तक बुनियादी साक्षरता और संख्यात्मक ज्ञान (एफएलएन) हासिल करना है। हरियाणा ने 30 जुलाई, 2021 को निपुण हरियाणा मिशन की शुरुआत की, जिसका लक्ष्य 2025-26 तक एफएलएन परिणाम प्राप्त करना है, जिससे बालवाटिका III और ग्रेड 1-5 में सालाना 35,000 शिक्षक और 8.68 लाख से अधिक छात्रों पर सकारात्मक प्रभावित होंगे। वर्ष 2024-25 से कार्यक्रम का विस्तार ग्रेड 4-5 तक हो गया है, जिसमें सभी प्राथमिक शिक्षकों के लिए सुगठित सामग्री और प्रशिक्षण शामिल है। निपुण हरियाण मिशन प्रोग्राम के परिणामस्वरूप हर बच्चे की भाषा, लेखन, लर्निंग और रीडिंग कौशल में उल्लेखनीय सुधार हुआ है। इसका उद्देश्य कक्षा 3 के प्राइमरी स्कूल के छात्रों को कॉम्प्रीहेंशन से लेकर अंकज्ञान तक में दक्षता प्रदान करना है। हाल ही में एएसईआर (एन्युअल स्टेटस ऑफ एजुकेशन रिपोर्ट) के अनुसार खासतौर पर कक्षा के छात्रों की बेसिक लर्निंग में बेहद सकारात्मक परिणाम दर्ज किए गए हैं। हरियाणा एनईपी 2020 को लागू करने में अग्रणी रहा है और बुनियादी शिक्षा के लक्ष्यों का महत्व देता है। बुनियादी सतर पर गुणवत्तापूर्ण शिक्षा को सुनिश्चित करने से सभी के लिए एक समान शिक्षा को सुलभ बनाया जा सकता है, जिससे जीवनस्तर को बेहतर बनाने में मदद मिलती है। राज्य निपुण हरियाणा मिशन के तह यह सुनिश्चित करना चाहता है कि हरियाणा के हर बच्चे को बुनियादी शिक्षा और अंकान के आवश्यक दक्षता मिले और वह भविष्य के लिए तैयार हो सके।

# 26 हजार रुपये न्यूनतम वेतन की मांग

■ मिड डे मील परियोजना का बजट न बढ़ाने के विरोध में उपायुक्त कार्यालय पर प्रदर्शन किया

हरिभूमि न्यूज ⏭करनाल




मिड डे मील वर्कर यूनियन जिला करनाल ने हरियाणा सरकार पर मिड डे मील वर्करों की मांगों की लगातार अनदेखी करने व केंद्र सरकार द्वारा बजट में मिड डे मील परियोजना का बजट न बढ़ाने के विरोध में उपायुक्त कार्यालय पर प्रदर्शन किया। मुख्यमंत्री व केंद्रीय वित मत्री निर्मला सीता रमण के नाम ज्ञापन सौंपा गया। सुबह सैंकड़ों मिड डे मील वर्कर फव्वारा पार्क में जिला प्रधान शिमला देवी की अध्यक्षता में इक्टठा हुई। सभा का संचालन सचिव संतोष ने किया। जिला कैशियर ओ.पी माटा, संतोष, सीटू जिला प्रधान सतपाल सैनी व शिमला देवी ने कहा कि चार महीने से केंद्र सरकार से मिलने वाला मानदेय दिसंबर 2024 का मानदेय नही मिला है और विभाग 15 दिन जनवरी में मिड डे मील वर्करो से खाना बनवाता है, लेकिन 15 दिन का मानदेय नही दिया जाता है, जिसके कारण मिडे मील वर्कर भूखा मरने की कगार पर पहुंच गई हैं। अधिकारियो से जब मानदेय की बात करते है तो बजट न आने का रटा रटाया बहाना लगा दिया जाता है। संगठन नेताओं ने कहा कि सरकार पूरी तरह से सरकारी शिक्षा व्यवस्था को तबाह करने पर उतारू है। नई राष्ट्रीय शिक्षा नीति को लागू करते हुए राज्य में हजारों स्कूल बंद किए जा रहे हैं। हजारों मिड डे मील वर्करों की नौकरी छीनी जा रही है। उन्होंने कहा कि स्कूलों में काम करने वाले सभी अध्यापकों व कर्मचारियों को साल के पूरे 12 महीने का वेतन मिलता है, परंतु मिड डे मील वर्करों को केवल 10 महीने का ही दिया जाता है। किसी भी प्रकार का रिटायरमेंट लाभ नहीं मिल रहा है। सरकार मिड डे मील वर्करो को स्थाई करे और तब तक न्यूनतम वेतन 26 हजार रूपए लागू करे। वेतन 10 की बजाय 12 महीने का दिया जाए। इस अवसर पर ओ.पी माटा, सीटू जिला प्रधान सतपाल सैनी, जगपाल राणा मनोज कुमार, कविता, नीलम, मुन्नी, कमलेश डाचर, अनिता, कमलेश, अनीता, गीता, सोनिया, ममता, वीना व सीमा ने वर्करों को संबोधित किया।

फोटो। 33

### आशा वर्करों ने सौंपा मांगों का ज्ञापन

**कुरुक्षेत्र।** आशा वर्कर एंड फैसिलिटेटर यूनियन की जिला प्रधान पिंकी की अध्यक्षता में ताज पार्क, कुरुक्षेत्र में इकट्ठे होकर एक मीटिंग की गई, जिसका संचालन जिला सचिव कुशलता ने किया। इसके बाद आशा वर्करों ने अपनी मांगों का ज्ञापन सी.टी.एम कुरुक्षेत्र के माध्यम से स्वास्थ्य मंत्री जे.पी नड्डा के नाम सौंपा। मीटिंग को संबोधित करते हुए राज्य उपप्रधान रानी ने कहा कि हम आशा वर्कर एंड फैसिलिटेटर फेडरेशन ऑफ इंडिया आशा वर्कर्स का सबसे बड़ा ट्रेड यूनियन फेडरेशन उनके प्रतिनिधियों के रूप में आपको स्वास्थ्य सचिव और भारत सरकार को धन्यवाद देना चाहते हैं कि आपने हमारे योगदान को सम्मानित करने के लिए दिल्ली में क्षेत्र में गणतंत्र दिवस समारोह में आशा वर्कर को विशेष अतिथि के रूप में आमंत्रित किया। जिला प्रधान पिंकी व सीटू वरिष्ठ नेता महावीर प्रसाद दहिया ने कहा कि हम उम्मीद करते हैं कि केंद्रीय बजट 2025 26 में सरकार हमारे लिए विशेष कदम उठाएगी जिसे कुछ दिनों में पेश किया जाएगा। आशा कार्यकर्ता और सुविधा प्रदाता संघ के अंदर सरकार से आगामी केंद्रीय बजट 2025 में राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन के लिए वित्तीय वेतन बढ़ाने और आशा कार्यकतार्ओं और सुविधा प्रदाताओं को सभी वैधानिक लाभ मिल सके।

# जैविक खेती पर्यावरण संतुलन के लिए वरदान : पाल

■ केयू आईआईएचएस संस्थान ने जैविक खेती द्वारा दिया स्वास्थ्य एवं पर्यावरण संतुलन का संदेश

हरिभूमि न्यूज ⏭कुरुक्षेत्र

जैविक खेती पर्यावरण संतुलन के लिए वरदान है। जैविक खेती फसल उत्पादन की एक ऐसी प्राचीन कृषि विधि है, जो किसानों को मिट्टी की उर्वरता और पर्यावरण को संतुलित बनाए रखने में मदद करती है। यह विचार गुरुवार को कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय के कुलसचिव डॉ. वीरेन्द्र पाल ने आईआईएचएस संस्थान के सामने मैदान में आईआईएचएस विद्यार्थियों द्वारा संचालित जैविक खेती के निरीक्षण के उपरांत कहे। उन्होंने कहा कि जैविक खेती केवल एक कृषि पद्धति नहीं, बल्कि एक विचारधारा है, जो हमें प्रकृति के साथ संतुलन बनाए रखने की सीख देती है। यह न केवल हमारे स्वास्थ्य के लिए फायदेमंद है, बल्कि मिट्टी की उर्वरता, जैव विविधता और पर्यावरण संतुलन को बनाए रखने में भी महत्वपूर्ण भूमिका निभाती है। रासायनिक उर्वरकों और कीटनाशकों के अत्यधिक उपयोग से मिट्टी की गुणवत्ता और जल संसाधनों को होने वाले नुकसान को रोकने का यह एक प्रभावी उपाय है। जैविक खेती के लाभों को ध्यान में रखते हुए केयू आईआईएचएस में वीओसी विषय के अंतर्गत जैविक खेती को बढ़ावा दिया जा रहा है। इस अवसर पर आईआईएचएस प्राचार्या प्रो. रीटा ने सभी विद्यार्थियों की सराहना करते हुए कहा कि कुवि कुलपति प्रोफेसर सोमनाथ सचदेवा के मार्गदर्शन में जैविक खेती की यह मुहिम न केवल विश्वविद्यालय परिसर में हरियाली ला रही है, बल्कि समाज में जैविक खेती के प्रति जागरूकता भी फैला रही है। डॉ कविता ने बताया कि जैविक खेती को बढ़ावा देने का यह प्रयास केवल प्रयोगशाला या अनुसंधान तक सीमित नहीं रहेगा, बल्कि यह एक प्रेरणा स्रोत बनेगा, जिससे अन्य छात्र भी इस पहल से जुड़ेंगे।

# चार दिवसीय फाइन आर्ट्स की कार्यशाला

हरिभूमि न्यूज ⏭करनाल

राजकीय महिला महाविद्यालय घरौंडा में प्राचार्य डॉक्टर महेंद्र सिंह बागी के कुशल दिशा निर्देशन व महिला प्रकोष्ठ तथा एनएसएस इकाई के सौजन्य से चार दिवसीय फाइन आर्ट्स की कार्यशाला के चौथे दिन समापन किया गया। प्राचार्य डॉक्टर महेंद्र सिंह बागी ने छात्राओं को फाइन आर्ट्स की कार्यशाला में शानदार प्रदर्शन करने पर बधाई दी।

माता सुंदरी खालसा कन्या महाविद्यालय से ललित कला संकाय की सहायक प्रवक्ता ओशीन सुरी ने चार दिवसीय कार्यशाला के अंतर्गत छात्राओं को रेखाओं,वस्तु अध्ययन, पोर्ट्रेट का आधार और स्केचिंग से संबंधित प्रशिक्षण दिया और छात्राओं को इसका अभ्यास कराया। कार्यवाहक प्राचार्या श्रीमती दीपा ढुल ने छात्राओं को प्रेरित करते हुए कहा कि कौशल निपुणता आज के युग की मांग है और इस प्रकार की कार्यशाला में छात्राओं को बढ़-चढ़कर भाग लेना चाहिए। महिला प्रकोष्ठ की संयोजिका और एनएसएस कार्यक्रम अधिकारी श्रीमती अनुराधा ने मैडम ओसियन सुरी को कार्यशाला के सफल प्रशिक्षण के लिए धन्यवाद किया। इस अवसर पर सहायक प्रवक्ता डॉ विक्रम सिंह, डॉ सतीश कुमार,श्रीमती रचना, श्रीमती रेणु कुमारी,संदीप कुमार, सुखराज और पवन कुमार विशेष रूप से उपस्थित रहे।

# बौद्धिक संपदा अधिकारों की जानकारी दी

■ कुमारी विद्यावती आनंद डीएवी महिला महाविद्यालय में कार्यशाला का आयोजन

हरिभूमि न्यूज ⏭करनाल



कुमारी विद्यावती आनंद डीएवी महिला महाविद्यालय में बौद्धिक अधिकार समिति और पुस्तकालय के सौजन्य से एक दिवसीय कार्यशाला का आयोजन किया गया। इसका विषय शैक्षिक संस्थानों में नवाचारा और बौद्धिक संपदा की भूमिका रहा। कार्यशाला में विषय विशेषज्ञ के रूप में सीनियर सांइटिस्ट डा. दिनेश कुमार (डिपार्टमेंट ऑफ एग्रीकल्चरल नायोइनफॉरमेटिक्स आईसीएआर इंडियन एग्रीकल्चरल स्टैटिस्टिक्स रिसर्च इंस्टीटयूट नई दिल्ली उपस्थित रहे। महाविद्यालय की प्राचार्या मीनू शर्मा और आंतरिक गुणवत्ता आश्वासन प्रकोष्ठ (आईक्यूएसी) की समन्वयक डा. मंजू सिंह और डा. सुनीत भंडारी और आयोजन समिति की प्राध्यापिकाओं डा. अंजू नरवाल, डा. मोनिका सैनी और डा. नादिया चौहान ने डा. दिनेश का स्वागत किया। डा. दिनेश ने प्रध्यापिकाओं और छात्राओं को बौद्धिक संपदा अधिकारों और उसके प्रकारों से अवगत करवाया। यह भी बताया कि बौद्धिक संपदा अधिकारों का प्रयोग करके हम अपनी नई-नई विधियों, तकनीकों, कार्य पद्धतियों, नए उत्पादों, नए विचारों को कॉपी होने या चोरी होने से बचा/सुरक्षित कर सकते हैं।

### 'महिला सुरक्षा' विषय पर तीन दिवसीय कार्यक्रम आयोजित

# महिला सुरक्षा को लेकर पुलिस प्रशिक्षण संपन्न

■ हरियाणा पुलिस अकादमी के निदेशक डॉ अरशिन्दर सिंह चावला भी रहे उपस्थित

हरिभूमि न्यूज ⏭करनाल

**करनाल।** हरियाणा पुलिस अकादमी के निदेशक डॉ अरशिन्दर सिंह चावला के साथ प्रतिभागियों का समूह चित्र। *फोटो : हरिभूमि*

हरियाणा पुलिस अकादमी मधुबन के डॉ एस राधाकृष्णन सम्मेलन कक्ष में 'महिला सुरक्षा' विषय पर तीन दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम आज सफलतापूर्वक संपन्न हुआ। यह प्रशिक्षण कार्यक्रम पुलिस अनुसंधान एवं विकास ब्यूरो नई दिल्ली के तत्वावधान में आयोजित किया गया। हरियाणा पुलिस अकादमी के निदेशक डॉ अरशिन्दर सिंह चावला के निर्देश पर अकादमी के जिला उप-न्यायवादी सुरेन्द्र कुमार प्रशिक्षण कार्यक्रम के मुख्यातिथि रहे। प्रशिक्षण कार्यक्रम में प्रदेश की समापन अवसर पर विभिन्न इकाइयों से प्रशिक्षण पर आए राजपत्रित व अराजपत्रित पद के 20 पुलिस अधिकारियों ने भाग लिया। प्रशिक्षण कार्यक्रम के दौरान अकादमी के निदेशक डॉ अरशिन्दर सिंह चावला ने कार्यक्रम के बारे में जानकारी ली और प्रतिभागियों के साथ समूह चित्र भी कराया।

#### बच्चों व महिलाओं को बनाया जा रहा शिकार

जिला उप-न्यायवादी सुरेन्द्र कुमार ने प्रतिभागियों को संबोधित करते हुए कहा कि आज के परिवेश में महिलाओं के प्रति साइबर क्राइम बढ़ते जा रहे हैं, जो बहुत ही चिंतनीय विषय है। समाचार पत्रों में प्रतिदिन डिजिटल अरेस्ट की खबरें भी पढ़ने को मिलती रहती हैं। साइबर ठग अक्सर बच्चों व महिलाओं को अपना शिकार बनाते हैं। साइबर अपराधों से निपटने के लिए हरियाणा पुलिस बेहतर कार्य कर रही है। इन अपराधों से निपटने के लिए जागरूकता कार्यक्रमों को होना अनिवार्य है। इस प्रकार के प्रशिक्षण से अनुसंधानकर्ताओं को अनुसंधान करने में मद्द मिलती है। उन्होंने प्रतिभागियों को भागीदारी प्रमाण पत्र भी प्रदान किए। इस प्रशिक्षण में क्रमशः प्रोबेशनर एस आई विक्रम सिंह, झज्जर ने प्रथम, प्रोबेशनर उप निरीक्षक मीना कुमारी सोनीपत ने द्वितीय और सहायक उप निरीक्षक इन्दु बाला दादरी ने तृतीय स्थान प्राप्त किया।

## खबर संक्षेप

### गुप्त नवरात्रि की अष्टमी पर भंडारा आयोजित

**समालखा।** मां वैष्णो सेवा समिति समालखा मंडी ने गुप्त नवरात्रि के पावन अष्टमी पर समालखा शहर में महामंडलेश्वर स्वामी संतोषी माता जी के आगमन पर भंडारे का आयोजन किया गया। जिसमें श्रद्धालुओं ने प्रसाद ग्रहण किया। मां वैष्णो सेवा समिति के सदस्य ने बताया हर साल की तहर इस साल भी भंडारे का आयोजन किया गया है। उन्होंने भंडारे में सहयोग करने वालों का आभार जताया तथा पहुंचे श्रद्धालुओं का भी धन्यवाद किया।

### आज का दौर कॉम्पीटिशन का दौर है : हरपाल मलिक

**इसराना।** बच्चों में प्रतिभाओं की कोई कमी नहीं है बस उनके अंदर छुपी हुई प्रतिभा को निखारने वाला चाहिए। आज का दौर कॉम्पीटिशन का है चाहे शिक्षा का क्षेत्र हो या चाहे खेल का। आपको हर स्तर पर अपनी प्रतिभा दिखानी होगी। यह विचार इसराना ब्लाक पंचायत समिति के चेयरमैन हरपाल मलिक ने एक निजि स्कूल के वार्षिकोत्सव समारोह में बतौर मुख्य अतिथि बोलते हुए व्यक्त किए। उन्होंने कहा कि शिक्षा के माध्यम से जीवन में आगे बढ़ा जा सकता है। बिना शिक्षा के मनुष्य का जीवन पशुओं के समान है।

### मेयर के 9 व पार्षद के लिए आए 178 आवेदन

**पानीपत।** नगर निगम चुनाव को लेकर गर्मियां तेज हो गई हैं। भारतीय जनता पार्टी ने मेयर एवं पार्षदों के चुनाव लड़ने के इच्छुक कार्यकर्ताओं से आवेदन मांगे हैं। आज जिला अध्यक्ष दुष्यंत भट्ट के कार्यालय में दिनभर आवेदन करने वालों की भीड़ लगी रही। लोग अपने समर्थकों लेकर आवेदन करने के लिए पहुंचे और अपनी दावेदारी पेश की। जिलाध्यक्ष दुष्यंत भट्ट ने बताया कि आज मेयर पद के लिए 9 आवेदन प्राप्त हुए हैं। वहीं 26 वार्डों के लिए 178 लोगों ने पार्षद का चुनाव लड़ने की लिए आवेदन किए हैं।

## प्रशासन से झुग्गी झोपडियों में रह रहे लोगों की जांच करवाने की अपील की

# प्रशासन की संवेदनाएं हमेशा जरूरतमंदों के साथ गहराई से जुड़ी हैं : डॉ. विरेन्द्र

हरिभूमि न्यूज ⏭|पानीपत

जिला सचिवालय में जनता समाधान शिविर की अध्यक्षता करते हुए उपायुक्त डॉ.विरेन्द्र कुमार दहिया ने कहा कि समाधान शिविर में आने वाली समस्याओं का जैसे भी हो सके समाधान करना है। हमारा आम जन के प्रति अधिकारी व शिकायतकर्ता का नाता न होकर वह रिश्ता है जिसका कोई संवैधानिक नाम भले ही न हो लेकिन हमारी संवेदनाएं हमेशा जनता के प्रति सकारात्मक रूप से जुड़ी हुई है। जिनका असर समाधान शिविर में पहुंचने वाले समस्याओं के समाधान पर दिखाई पड़ रहा है। उपायुक्त ने अधिकारियों को निर्देश दिए कि जो भी शिकायतकर्ता समाधान शिविर में शिकायत लेकर पहुंचते है उनके दस्तावेजों को सही तरह से जांचे परखे। शिकायतकर्ता यशपाल ने प्रशासन से झुग्गी झोपडियों में रह रहे लोगों की जांच करवाने की अपील की। उपायुक्त ने जांच के आदेश दिए। इस मौके पर एडीसी डॉ.पंकज, पुलिस अधीक्षक लोकेन्द्र सिंह, एसडीएम ब्रह्मप्रकाश, सीटीएम टीनू पोसवाल, सीएमओ जंयत आहुजा, कृषि विभाग के डीडीए डॉ.आत्मा राम गौदारा,एलडीएम राजकुमार, डीएसओ धरेंद्र सिंह, पंचायत विभाग के कार्यकारी अभियंता प्रदीप, सहायक रोजगार अधिकारी विनीता, जिला पुलिस कैप्लेड अधिकारी सुरेश, संजीव शर्मा के अलावा विभिन्न विभागों के अधिकारी मौजूद रहे।

- **समाधान शिविर में शिकायत लेकर पहुंचते है उनके दस्तावेजों को सही तरह से जांचे परखे**

**पानीपत।** शिविर में जनता की समस्याएं सुनते हुए डीसी डा.वीरेंद्र दहिया व अन्य। फोटो : हरिभूमि

### बच्चें राष्ट्र निर्माता, हमें रखना होगा उनके स्वास्थ्य का विशेष ध्यान : उपायुक्त

**पानीपत।** राष्ट्रीय कृमि मुक्ति दिवस कार्यक्रम को लेकर उपायुक्त डॉ.विरेन्द्र कुमार दहिया ने आज जिला सचिवालय स्थित सभागार में शिक्षा विभाग, परिवहन विभाग, हैल्थ विभाग के अलावा कई अन्य विभागों के अधिकारियों के साथ आवश्यक बैठक करते हुए कहा कि स्वास्थ्य बच्चे ही राष्ट्र के निर्माता है। हमें बच्चों के स्वास्थ्य को लेकर इस अभियान के तहत लोगों को जागरूक करना होगा। उपायुक्त ने बच्चों के स्वास्थ्य को लेकर कुछ आवश्यक जिम्मेदारियां अधिकारियों को दी व इनको सख्ताई से निभाने के निर्देश दिए। उपायुक्त ने कहा कि शिक्षा विभाग से जुड़े अध्यापकों को सवेरे प्रार्थना के दौरान पेट के कीड़ो की दवाईयां वितरीत करनी होगी। वहीं मुख्य चिकित्सा अधिकारी जंयत आहुजा ने कहा कि जिले में बच्चों को पेट के कीडो की दवाइयां फ्री उपलब्ध करवाई जाएगी। इस मौके पर एसडीएम ब्रह्मप्रकाश, सीएमओ जयंत आहुजा, स्टेशन अधीक्षक धीरज कपूर, जीएम रोडवेज विक्रम काम्बोज, जिला शिक्षा अधिकारी राकेश बूरा, बीओ सुनीता कादियान,बीओ कृष्णा, नीलम कुण्डू, डीपीओ परविंदर कौर, आईटीआई प्रिंसीपल डॉ.कृष्ण, डॉ वत्स, डॉ सोहन, आरटीओ डॉ.नीरज जिंदल, जिला कार्यक्रम अधिकारी रणसिंह वर्मा आदि मौजूद रहे।

**पानीपत।** संत कृपाल सिंह जी महाराज के जन्मदिवस पर आयोजित सत्संग में मौजूद श्रद्धालु। फोटो : हरिभूमि

# परमात्मा को पाना है तो 100 काम छोड़कर सत्संग में जाओ

- **प्रेम बगिया ने संत दर्शन सिंह जी महाराज की गजलों से संगत का मन मोह लिया**

हरिभूमि न्यूज ⏭|पानीपत।

कृपाल आश्रम में संत कृपाल सिंह जी महाराज का 131 वां जन्मदिवस मनाया गया। गुरुद्वारा से आए गुरविंदर सिंह शाह ने सत्संग के माध्यम से संत राजेंद्र सिंह जी महाराज की तालीम से अवगत कराया। धोखे में न रहो परमात्मा कोई उपहास की वस्तु नहीं है जो जैसा बोता है वैसा ही काटता है। इस धरती पर दुखों से लड़ते हुए मनुष्य हमेशा इन से पार पाने का उपाय ढूंढता रहता है लेकिन जब भी वह इसके लिए पर्यटन करता है कुछ अदृश्य ताकते उसके इस प्रयास को नाकाम कर देती हैं। संसार में इतनी असमानताएं क्यों है इंसान का अपने असली घर अपने परमपिता के घर लौटने का रास्ता इस तरह बंद क्यों है। संत कृपाल सिंह जी महाराज सत्संग में हमें बताते थे अगर आपने परमपिता परमात्मा को पाना है तो 100 काम छोड़कर सत्संग में जाओ 1000 काम छोड़कर भजन सिमरन करो। वहीं रोहतक से आए प्रेम बगिया ने संत दर्शन सिंह जी महाराज की गजलों से संगत का मन मोह लिया। प्रधान सरदार राजा सिंह ने संत कृपाल सिंह जी महाराज के जन्म दिवस की सबको बधाई दी। सचिव योगराज ने संगत का धन्यवाद किया उसके उपरांत गुरु का अटूट लंगर बांटा गया।

# अच्छा नेता बनने के लिए अच्छा प्रवक्ता होना जरूरी : राजीव परूथी

हरिभूमि न्यूज ⏭|पानीपत

पीसीसी एकेडमी में आज एक सेमिनार का आयोजन किया गया। जिसका मुख्य उद्देश्य था राजनीति की पाठशाला। एकेडमी के निदेशक राजीव परुथी ने सेमिनार को संबोधित करते हुए कहा कि युवा पीढ़ी को राजनीति में आना चाहिए परंतु आने के साथ-साथ ज्ञान का होना बहुत जरूरी है। हमें अपने इतिहास के बारे में पता होना चाहिए। राजीव के अनुसार हमारा इतिहास ही हमें बताता है किस तरह से किसने कितना बलिदान दिया एवं छोटे से समूह कैसे बड़े समूह बन जाते हैं। वहीं बच्चों ने काफी सवाल पूछे जिनका जवाब देते हुए राजीव परुथी ने कहा हम यदि किसी से पूछते हैं आप क्या बनना चाहते हैं वह कहता है मैं बिजनेसमैन बनना चाहता हूं, मैं नौकरी करना चाहता हूं, अच्छी कंपनी में उच्च स्तर पर बैठना चाहता हूं परंतु किसी भी बच्चे ने यह नहीं कहा कि मैं आईपीएस बनना चाहता हूं मैं एमएलए बनना चाहता हूं। राजीव परुथी ने कहा अच्छा प्रवक्ता ही अच्छा नेता बन सकता है। इस मौके पर सिमरन,कुशल मित्तल,विधि शर्मा,आयुषी व रिया आदि मौजूद रहे।

**पानीपत।** राजीव परूथी को सम्मानित करते एकेडमी के विद्यार्थी । फोटो : हरिभूमि

# जेजेबी व पॉस्को एक्ट को लेकर जागरूकता में लानी होगी तेजी : पुनित लिंबा

- **सीडब्ल्यूसी की चेयरमैन पदमा रानी ने कहा कि बच्चों की संरक्षण के लिए ओर देखबाल की आवश्यकता**

हरिभूमि न्यूज ⏭|पानीपत

महिला एवं बाल विकास विभाग की जिला बाल संरक्षण इकाई के तत्वाधान में आज जिला सचिवालय स्थित पुलिस सभागार में जुवेनाइल जस्टिस बोर्ड व प्रोटेक्शन ऑफ चिल्ड्रन फरॉम सेक्सुअल ऑफेंस ऐक्ट को लेकर प्रशिक्षण शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में पुलिस विभाग, सीडब्ल्यूसी, एनजीओ के सदस्यों ने भाग लिया व जेजेबी एक्ट व पॉस्को पर और बेहतर तरीके से कैसे कार्य किया जाएं सुझाव दिए व इनके ओर मजबूती से लागू होने में आ रही परेशानियों को लेकर विस्तार से चर्चा की। शिविर में प्रिंसीपल मजिस्ट्रेट ने कहा कि जुवेनाइल जस्टिस बोर्ड व प्रोटेक्शन ऑफ चिल्ड्रन फरॉम सेक्सुअल ऑफेंस एक्ट को लेकर जनता को जितना ज्यादा हो सके जागरूक करने की जरूरत है। जब तक बच्चों में जागरूकता नहीं आएगी हमारे प्रयास सार्थक नहीं होंगे। डीएसपी सतीश वत्स ने जुवेनाइल जस्टिस बोर्ड व प्रोटेक्शन ऑफ चिल्ड्रन फरॉम सेक्सुअल ऑफेंस एक्ट को लेकर जानकारी दी। उन्होनें कहा कि बच्चों को भीख मंगवाना,उनके अंग काटकर श्रम करवाना, उनका शोषण करना, अपराध की श्रेणी में आता है। पुनित लिंबा ने कहा कि जेजेबी व पॉस्को एक्ट को लेकर जागरूकता में तेजी लानी होगी। सीडब्ल्यूसी की चेयरमैन पदमा रानी ने कहा कि बच्चों की संरक्षण के लिए ओर देखबाल की आवश्यकता है। इस मौके पर जिला कार्यक्रम अधिकारी परविंदर कौर, जिला बाल संरक्षण अधिकारी निधि गुप्ता, जेजेबी मैंबर मालती, एलपीओ सुमन व मैबर हरिदास आदि मौजूद रहे।

**पानीपत।** प्रशिक्षण शिविर में भाग लेते विभिन्न संगठनों के अधिकारी व कर्मचारी।

# आईबी कॉलेज के विद्यार्थियों ने सीखे बैंकिंग के गुर

**पानीपत।** कार्यक्रम में भाग लेने वालों विद्यार्थियों के साथ प्राचार्या डॉ.शशि प्रभा मलिक व अन्य। फोटो : हरिभूमि

हरिभूमि ⏭|पानीपत

आईबी स्नातकोत्तर महाविद्यालय में इंटर्नशिप इकाई आईसीटी एकेडमी एवं कैपजेमिनी के संयुक्त तत्वावधान द्वारा प्रीमियर बैंकिंग पर चलाये जा रहे इंटर्नशिप प्रोग्राम के समापन सत्र का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ प्राचार्या डॉ.शशि प्रभा मलिक, डॉ. सुनित शर्मा वाणिज्य विभागाध्यक्ष, माधवी संयोजिका इंटर्नशिप इकाई, शिखा जुनेजा सॉफ्ट स्किल ट्रेनर द्वारा आईसीटी अकादमी से आए अनुपम प्रशिक्षक आईसीटी एकेडमी को पौधा भेंट कर किया।

प्राचार्या डॉ.शशि प्रभा मलिक ने कहा कि इंटर्नशिप किताबी ज्ञान को वास्तविक दुनिया के अनुभव से जोड़ने का महत्वपूर्ण जरिया है। इंटर्नशिप से विद्यार्थी पढ़ाई के साथ कैरियर की रुचि से संबंधित स्किल्स सीख सकते हैं। माधवी ने कहा कि इंटर्नशिप एक लाइफ सेवर के रूप में काम करता है।

शिखा जुनेजा ने सभी का धन्यवाद किया। मंच संचालन आंचल बत्रा ने किया। इस अवसर पर निशा गुप्ता, रीना रानी, हिमानी, नॉन टीचिंग स्टाफ से टिंकू, विष्णु, गणेश व विजय आदि मौजूद रहे।

**पानीपत।** महासंगम यात्रा का ईशा फाउंडेशन तमिलनाडु पहुंचने पर स्वागत करते स्थानीय श्रद्धालु । फोटो : हरिभूमि

### महासंगम यात्रा युवाओं को भारत की संस्कृति से जोड़ने की पहल : दीप सिहाग सिसाय

**पानीपत।** अंतराष्ट्रीय मंदिर प्रबंधक परिषद और भगवा ऐप के तत्वावधान में आयोजित महासंगम यात्रा आज तमिलनाडु के ईशा फाउंडेशन पहुंच गई है। यह यात्रा अब तक 10000 किलोमीटर से अधिक की दूरी तय कर चुकी है। अक्तराष्ट्रीय मंदिर प्रबंधक परिषद के राष्ट्रीय महामंत्री दीप सिहाग सिसाय ने बताया महासंगम यात्रा केवल एक धार्मिक यात्रा नहीं है बल्कि यह एक आंदोलन है जो भारतीय युवा पीढ़ी को उनकी सांस्कृतिक जड़ों से जोड़ता है और मंदिरों के संरक्षण, आध्यात्मिकता और सांस्कृतिक जागरूकता को बढ़ावा देता है। देशभर के इंजीनियरिंग कॉलेजों के छात्र इस यात्रा में अपना सहयोग दे रहें हैं और मंदिरों के संरक्षण में योगदान दे रहे हैं। यात्रा के दौरान स्थानीय समुदायों को मंदिरों के रख रखाव, डिजिटलीकरण और सांस्कृतिक शिक्षा में भाग लेने के लिए प्रोत्साहित किया जा रहा है। महाकुंभ प्रयागराज में स्थित महामंडलेश्वर स्वामी दयानंद सरस्वती जी के आश्रम में 108 त्रिशूलों का पूजन 108 पंडितों द्वारा सुबह और सांय किया जा रहा है। यह पूजन 30 दिन की इस यात्रा के दौरान लगातार जारी रहेगा। इसके बाद इन त्रिशुलों को मंदिरों में स्थापित किया जायेगा। अक्तराष्ट्रीय मंदिर प्रबंधक परिषद के राष्ट्रीय महामंत्री संगठन डॉ.नवीन नैन मालसी ने बताया कि गत 23 जनवरी 2025 को दिल्ली से शुरू हुई यह ऐतिहासिक यात्रा अब तक कई प्रमुख धार्मिक स्थलों की यात्रा कर चुकी है।

### माता सीता रानी सेवा संस्था करा रही केंद्र में पति-पत्नी की समस्या का समाधान

**पानीपत।** माता सीता रानी सेवा संस्था के परिवार परामर्श केंद्र ने एक प्रेम विवाह में उत्पन्न समस्याओं को सुलझाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है। पुष्पा काल्पनिक नाम पुष्पा और संजय का विवाह डेढ़ वर्ष पूर्व उनके परिवार की सहमति से हुआ था। जबकि शादी के कुछ समय बाद ही दोनों के बीच झगड़े शुरू हो गए। दोनों एक कारखाने में काम करते थे जहां उनके मालिक की दखलंदाजी ने उनकी गृहस्थी को प्रभावित करना शुरू कर दिया। इस तनाव के कारण संजय ने पुष्पा के प्रति मानसिक और शारीरिक प्रताड़ना का सहारा लिया। जबकि पुष्पा ने परिवार परामर्श केंद्र में अपनी समस्याओं को साझा किया। केंद्र की अध्यक्ष कृष्णा कांता, पदाधिकारी सुनीता आनंद और रेहाना खान ने पुष्पा की बात को सुना और फिर संजय को से बातचीत कर दोनों में सुलह कराया।

# नगर निगम चुनाव के रिटर्निंग अधिकारी होंगे विवेक चौधरी

- **आईटीआई प्रधानाचार्य कृष्ण कुमार को बतौर सहायक रिटर्निंग अधिकारी रिजर्व रखा गया**

हरिभूमि ⏭|पानीपत

उपायुक्त डॉक्टर वीरेंद्र कुमार दहिया ने हरियाणा नगर निगम निर्वाचन अधिनियम 1994 के नियम 21 के उपनियम 3 व 4 के निहित प्रावधान व राज्य निर्वाचन आयोग हरियाणा द्वारा जारी अधिसूचना के अनुसार, दी गई शक्तियों का प्रयोग करते हुए नगर निगम पानीपत के सभी वार्डों में आम चुनाव 2025 को सुचारू रूप से चलाने के लिए अधिकारियों को रिटर्निंग व सहायक रिटर्निंग अधिकारी नियुक्त किया है। पानीपत नगर निगम में 26 वार्ड है, इन सभी 1 से 26 वार्डों के लिए नगर निगम के अतिरिक्त आयुक्त विवेक चौधरी को रिटर्निंग अधिकारी नियुक्त किया है।

वहीं वार्ड 1 से 4 के लिए शुगर मिल के प्रबंधन निदेशक मनदीप कुमार, वार्ड 5 से 8 पानीपत एसडीएम ब्रहम प्रकाश, वार्ड 9 से 12 इसराना एसडीएम आशीष कुमार, वार्ड 17 से 20 जिला विकास एवं पंचायत अधिकारी राजेश कुमार, वार्ड 21 से 24 सम्पदा अधिकारी विकास ढाण्डा, वार्ड 25 से 26 के लिए आबकारी एवं कारधान विभाग के ईटीओ सतपाल कादियान को सहायक रिटर्निंग अधिकारी नियुक्त किया गया है।

इसके अतिरिक्त आईटीआई प्रधानाचार्य कृष्ण कुमार को बतौर सहायक रिटर्निंग अधिकारी रिजर्व रखा गया है।

### कश्यप समाज के धर्मबीर ने जताई वार्ड 18 से भाजपा की उम्मीदवारी

**पानीपत।** पूर्व सांसद संजय भाटिया से मुलाकात करते कश्यप समाज के लोग ।

हरिभूमि न्यूज ⏭|पानीपत

कश्यप राजपूत सभा के प्रधान धर्मवीर कश्यप के साथ 36 बिरादरियों के व्यक्तियों ने पूर्व सांसद संजय भाटिया के निवास पर ओबीसी समाज के बीसी ए में धर्मवीर कश्यप के लिए वार्ड नंबर 18 नगर निगम चुनाव के उम्मीदवार की दावेदारी जताई। वहीं कश्यप राजपूत सभा के जिला प्रधान धर्मवीर देहरा ने कहा छत्तीस बिरादरी के लोग जो मेरी जिम्मेदारी लगाएंगे मैं उसमें खरा उतरूंगा। वहीं विधायक प्रमोद विज व भाजपा के जिला अध्यक्ष दुष्यंत भट्ट का भी आशीर्वाद लिया। इस मौके पर ओबीसी मोर्चा के जिला अध्यक्ष आर डी कल्याण, एडवोकेट सुरेंद्र रोहिल्ला, रोशन लाल बिड़लान, सतवीर सिंह, करण सिंह, जगपाल, रामनिवास जोगी, सुभाष, जितेंद्र , जोगिंदर भट्ट, सतेंद्र कश्यप, गुरदीप कश्यप, कैप्टन रणधीर, राजेंद्र कल्याण, राजवीर कश्यप, देवी दयाल कश्यप, कृष्ण कश्यप व संजय कश्यप आदि मौजूद रहे।

### निपुण मिशन गुणवत्तापूर्ण शिक्षा को कर रहा सुनिश्चित

**पानीपत।** निपुण भारत मिशन का लक्ष्य 2026-27 तक बुनियादी साक्षरता और संख्यात्मक ज्ञान हासिल करना है। वर्ष 2024-25 से कार्यक्रम का विस्तार ग्रेड 4-5 तक हो गया है। जिसमें सभी प्राथमिक शिक्षकों के लिए सुगठित सामग्री और प्रशिक्षण शामिल हैं। निपुण हरियाण मिशन प्रोग्राम के परिणामस्वरूप हर बच्चे की भाषा, लेखन, लर्निंग और रीडिंग कौशल में उल्लेखनीय सुधार हुआ है। इसका उद्देश्य कक्षा 3 के प्राइमरी स्कूल के छात्रों को कॉम्प्रीहेंशन से लेकर अंकज्ञान तक में दक्षता प्रदान करना है। हाल ही में एएसईआर एन्युअल स्टेटस ऑफ एजुकेशन रिपोर्ट के अनुसार खासतौर पर कक्षा के छात्रों की बेसिक लर्निंग में बेहद सकारात्मक परिणाम दर्ज किए गए हैं।

**रोष** कर्मचारियों में सरकार के प्रति भारी रोष व्याप्त

# पीडब्ल्यूडी के तीनों विभागों के कर्मचारियों ने प्रदर्शन कर डीसी को सौंपा ज्ञापन

हरिभूमि न्यूज ⏭|पानीपत

पीडब्ल्यूडी के तीनों विभागों के कर्मचारियों ने आज सरकार के खिलाफ प्रदर्शन कर अपनी मांगों का एक ज्ञापन मुख्यमंत्री के नाम उपायुक्त को सौंपा। जीटी रोड पर प्रदर्शन कर लघु सचिवालय पहुंचे हरियाणा गर्वमेंट पीडब्ल्यूडी मैकेनिकल वर्कर्ज यूनियन संबंधित हरियाणा संयुक्त कर्मचारी मंच के सदस्यों को संबोधित करते हुए प्रधान तेजबीर मलिक व कुशलपाल चौहान ने कहा कि पीडब्ल्यूडी जनस्वास्थ्य अभयिजत्रकी विभाग, सिंचाई,भवन वि जमाग तथा विकास एवं पंचायत विभाग से विकास संभव हुआ है। इसके तहत प्रदेश के गांव-गांव व शहरों में स्वच्छ जल व मल निकास की योजना है। गांव-गांव में सड़कों का जाल व भव्य बहुमंजिला इमारतों का निर्माण किया गया है। जबकि इन विभागों में कार्यरत कर्मचारियों की मांगों को लागू करके सरकार द्वारा कर्मचारियों की उपेक्षा की जा रही है। समय-समय दिए गए मांगों के ज्ञापन की अनदेखी कर कर्मचरियों का शोषण किया जा रहा है। जिस कारण कर्मचारियों में सरकार के प्रति भारी रोष व्याप्त है। इसलिए इस ज्ञापन के माध्यम से मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी से अनुरोध किया गया हैकि फील्ड में कार्यरत कर्मचारियों की मांगों के समाधान के लिए बातचीत का रास्ता अपना कर उनकी मांगों को लागू करने का कष्ट करें। वहीं उपायुक्त डा.वीरेंद्र कुमार दहिया ने उनको भरोसा दिलाया कि उनका ज्ञापन शीघ्र मुख्यमंत्री कार्यलय पहुंचा दिया जाएगा।

**पानीपत।** प्रदर्शन करते हुए पीडब्ल्यूडी के विभागों के कर्मचारी । फोटो : हरिभूमि

## खबर संक्षेप

### चोरी के मामले में दो आरोपी गिरफ्तार

**अंबाला।** थाना अम्बाला सदर में दर्ज चोरी के मामले में 05 फरवरी 2025 को सीआईए-2 के पुलिस दल ने निरीक्षक महिन्द्र सिहँ के नेतृत्व में कार्यवाही करते हुए आरोपी गुलशन उर्फ पुतला निवासी गाँव माजरी व नवीन कुमार उर्फ बिन्नी निवासी गाँव ठरवा जिला अम्बाला को गिरफ्तार कर न्यायालय के आदेशानुसार न्यायिक हिरासत में भेज दिया। इस मामले के सम्बन्ध में शिकायतकर्ता गुरप्रीत सिहँ निवासी गाँव माजरी जिला अम्बाला ने 30 अगस्त 2024 को थाना अम्बाला सदर में शिकायत दर्ज करवाई थी कि 21/22 अगस्त 2024 को उसके घर से अज्ञात आरोपी ने मोटर व अन्य सामान चोरी किया है। इस शिकायत पर पुलिस ने मामला दर्ज मामले की जिम्मेवारी सीआईए-2 के पुलिस दल को सौंप दी थी।

### धोखाधड़ी के मामले में आरोपी गिरफ्तार

**अंबाला।** थाना बलदेव नगर में दर्ज धोखाधड़ी के मामले में 05 फरवरी 2025 को आर्थिक अपराध शाखा अम्बाला के पुलिस दल ने कार्यवाही करते हुए आरोपी चेतन निवासी सैक्टर-8 सरहिन्द जिला फतेहगढ़ साहिब पंजाब को गिरफ्तार कर न्यायालय के आदेशानुसार 02 दिन का पुलिस रिमाण्ड प्राप्त किया। आरोपी धोखाधड़ी से पैसे हड़पने में माहिर है। अब तक की जाँच में पता चला है कि आरोपी के खिलाफ जिला कुरूक्षेत्र, पंचकुला में शिकायतें होनी पाई गई है व आरोपी पंजाब में भी धोखाधड़ी से पैसे हड़प चुका है। रिमाण्ड के दौरान आरोपी से गहनता से पूछताछ की जाएगी। इस मामले के सम्बन्ध में शिकायतकर्ता विजेन्द्र सिहँ निवासी सेठी इन्क्लेव बलदेव नगर ने 05 जुलाई 2024 को थाना

### जुआ खेलने के मामले में आरोपित दबोचे

**अंबाला।** थाना पड़ाव क्षेत्र से सार्वजनिक स्थान पर सट्टा खेलने के मामले में 05 फरवरी 2025 को सीआईए-2 के पुलिस दल ने तुरन्त कार्यवाही करते हुए आरोपी रोहित निवासी शिव कालोनी रजवाडा चैक जिला करनाल वर्तमान पता टुंडला मण्डी नजदीक पासी पतीला हाऊस थाना पंजोखरा जिला अम्बाला को सट्टा खेलने के मामले में काबू कर 2250/-रुपये बरामद करके थाना पड़ाव में मामला दर्ज कर न्यायिक प्रक्रियानुसार कार्यवाही की।

### लड़ाई-झगड़ा करने के दो आरोपित गिरफ्तार

**अंबाला।** थाना अम्बाला छावनी में दर्ज लड़ाई-झगड़े के मामले में 05 फरवरी 2025 को पुलिस ने कार्यवाही करते हुए आरोपी विशाल निवासी मोहड़ी जिला अम्बाला व राजीव निवासी धूलकोट जिला अम्बाला को काबू कर न्यायालय के आदेशानुसार जमानत पर रिहा किया। इस मामले के सम्बन्ध में शिकायतकर्ता श्री पंकज निवासी बीसी बाजार अम्बाला छावनी ने 26 जनवरी 2025 को थाना अम्बाला छावनी में शिकायत दर्ज करवाई थी कि 26 जनवरी 2025 को आरोपी विशाल, राजीव व अन्य ने उससे लड़ाई झगड़ा कर मारपीट करते चोटें पहँचाई है।

### उत्पीड़न का आरोपी जांच में शामिल

**अंबाला।** महिला पुलिस थाना अम्बाला में दर्ज दहेज उत्पीड़न के मामले में 05 फरवरी 2025 को पुलिस ने कार्यवाही करते आरोपी अर्जुन निवासी मिल्क कालोनी थाना सैक्टर-14 वैस्ट सारंगपुर चण्डीगढ़ को मामले में शामिल जाँच कर न्यायिक प्रक्रियानुसार कार्यवाही की।शिकायतकर्ता पीड़ित महिला ने 31 दिसम्बर 2024 को महिला पुलिस थाना अम्बाला में शिकायत दर्ज करवाई थी।

हरिभूमि
आवश्यक सूचना
जिन पाठकों को अखबार मिलने में किसी भी प्रकार की असुविधा हो रही हो या उनके घर में कोई अन्य अखबार दिया जा रहा हो वह इन टेलीफोन नम्बरों पर सम्पर्क करें या व्हाट्सअप करें :-
हरिभूमि, नजदीक इण्डस पब्लिक स्कूल, दिल्ली रोड, रोहतक
ऑफिस नं.: 9253681019-20, फोन : 9253681010, 9253681005

### नगर निकाय चुनाव मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी के चेहरे पर लड़े जाएंगे : मंत्री

# ऊर्जा, परिवहन एवं श्रम विभागों के अधिकारी बिना अपाईंटमेंट मिलें: विज

**दफतर में मैं दोपहर एक बजे से सायं पांच बजे तक रहता हूं, तब अधिकारी मिल सकते है।**

हरिभूमि न्यूज ⏭ अंबाला

हरियाणा के ऊर्जा, परिवहन एवं श्रम मंत्री श्री अनिल विज अपनी सादगी और बेबाकी के लिए देश-प्रदेश में जाने जाते है और आमतौर पर वीआईपी कल्चर से दूर रहते हैं। इसी कडी में उनके मातहत विभागों के अधिकारी बिना अपाईंटमेंट लिए रोजाना दोपहर एक बजे से सायं पांच बजे तक और अंबाला में प्रातः 10 बजे से दोपहर 12 बजे तक मिल सकते हैं, क्योंकि उन्होंने कहा कि वे हर वक्त उपलब्ध रहते हैं।

यह जानकारी आज उन्होंने मीडिया कर्मियों से बातचीत करते हुए दी। मीडिया से वार्तालाप करते मंत्री विज ने कहा कि ''कुछ अधिकारी रोजाना अपाईंटमेंट मांगते थे, मैं तो उपलब्ध रहता हूं, जब भी आओ मुझसे मिल लो, इसलिए मैंने एक आफिस आर्डर जारी किया है कि दफतर में मैं दोपहर एक बजे से सायं पांच बजे तक रहता हूं, तब अधिकारी मिल सकते है''। उन्होंने बताया कि ''अंबाला में भी मैंने अधिकारियों को कह रखा है कि मैं किसी को भी अपाईंटमेंट नहीं देता हूं और सुबह 10 बजे से 12 बजे तक मैं घर पर रहता हूं और मुझसे अधिकारी मिल सकते हैं। उन्होंने कहा कि वैसे, मैंने आज तक किसी को भी अपाईंटमेंट नहीं दी है और यह अपाईंटमेंट मैंने न तो अंबाला में दी है और न ही दफतर में दी हैं। मैं हर वक्त उपलब्ध हूं''।

उल्लेखनीय है कि परिवहन विभाग के अतिरिक्त मुख्य सचिव, ऊर्जा विभाग के अतिरिक्त मुख्य सचिव, श्रम विभाग के प्रधान सचिव, एचवीपीएनएल के प्रबंध निदेशक, डीएचबीवीएन के प्रबंध निदेशक, यूएचबीवीएन और एचपीजीसीएल के प्रबंध निदेशक, परिवहन आयुक्त, श्रम आयुक्त, राज्य परिवहन के निदेशक और ईएसआई के निदेशक को पत्र लिखा गया है।

केबिनेट मंत्री अनिल विज।

**नगर निकाय) चुनाव मुख्यमंत्री के चेहरे पर लडे जाएंगें : विज**

नगर निकायों के चुनाव को लेकर पूछे गए सवाल के जवाब में उन्होंने कहा कि ''अंबाला कैंट में नगर पालिका के चुनाव की घोषणा हो गई है। उन्होंने कहा कि ये (नगर निकाय) चुनाव मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी के चेहरे पर लडे जाएंगें। उनके चेहरे पर दिल्ली का चुनाव लडा गया और उनके चेहरे पर महाराष्ट्र का चुनाव भी लडा गया तथा ये चुनाव भी उनके चेहरे पर लडे जाएंगे''।

**अपने देश से निकालने का अधिकार**

अमेरिका से सबक लेते हिन्दूस्तान में गैर-कानूनी तरीके से घूम रहे लाखों-करोडों लोगों को भी इनके देशों का रास्ता दिखाना चाहिए : विज पंजाब के एनआरआई मामलों के मंत्री कुलदीप धालीवाल ने अमेरिका से डिपोर्ट युवाओं को लेकर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से अपील की है कि ट्रंप उनके दोस्त है उन्हें ट्रंप से बात करनी चाहिए। जिस पर प्रतिक्रिया देते हरियाणा के कैबिनेट मंत्री अनिल विज ने कहा कि ''यदि गैर-कानूनी तरीके से किसी भी देश में लोग जाएं तो उनको अपने देश से निकालने का पूरा-पूरा अधिकार है। मैं कहता हूं कि हिन्दूस्तान को भी अमेरिका के इस कार्य से सबक लेते हुए लाखों-करोडों लोग हिन्दूस्तान में गैर-कानूनी तरीके से घूम रहे हैं। इनको भी इनके देशों का रास्ता दिखाना चाहिए।

**चुनाव तो सारे साल होते रहते हैं**

*''चुनाव तो सारे साल होते रहते हैं तो क्या मोदी जी अपने धार्मिक अनुष्ठान सारा साल बंद रखें'' - विज* प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के कुंभ स्नान पर विपक्ष ने सवाल उठाए तो हरियाणा के कैबिनेट मंत्री अनिल विज ने एक्स कर तंज कसा और लिखा कि ''चुनाव तो सारे साल होते रहते हैं तो क्या मोदी जी अपने धार्मिक अनुष्ठान सारा साल बंद रखें। राहुल गांधी जी की पार्टी का चुनाव निशान हाथ है तो क्या चुनाव वाले दिन आप (राहुल गांधी) अपने घर रख कर आते है ?

**''रोने वाले रोते रहेंगे, जितने वाले जीत गए'' : विज**

पत्रकारों द्वारा यह पूछा गया कि संजय राउत ने कहा कि दिल्ली का चुनाव में भाजपा ने पैसे का खेल खेला, जिस पर जवाब देते हुए कैबिनेट मंत्री अनिल विज ने कहा कि ''रोने वाले रोते रहेंगे, जितने वाले जीत गए''। दिल्ली चुनाव के एग्जिट पोल पर अनिल विज ने कहा कि ''वो पहले दिन से कह रहे हैं कि भाजपा जीतेगी। उन्होंने हरियाणा के एग्जिट पोल पर भी कहा था कि भाजपा जीतेगी, दिल्ली में भी यही होगा और भाजपा दिल्ली में सरकार बनाने जा रही है''।

अंबाला। कार्यक्रम में भाग लेते प्रतिभागी। फोटो : हरिभूमि

# सूर्य नमस्कार अभियान का सफल समापन

हरिभूमि न्यूज ⏭ अंबाला

राजकीय पीजी कॉलेज, अंबाला छावनी में आयोजित छह दिवसीय सूर्य नमस्कार अभियान का आज सफल समापन हुआ। इस अवसर पर आयुर्वेद मेडिकल ऑफिसर डॉ. समिधा शर्मा मुख्य वक्ता के रूप में उपस्थित रहीं। अभियान की नोडल अधिकारी डॉ. पूनम राजौरा ने जानकारी दी कि इस आयोजन के दौरान छात्रों ने सूर्यासन, मेडिटेशन, आर्ट ऑफ लिविंग और आयुष पद्धति के महत्व को समझा। साथ ही, मेडिकल कैंप के माध्यम से भी उन्होंने स्वास्थ्य लाभ प्राप्त किया। कॉलेज के प्राचार्य डॉ. अजीत सिंह के कुशल मार्गदर्शन में संपन्न इस अभियान में छात्रों और स्टाफ ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। समापन समारोह का शुभारंभ वरिष्ठ प्रोफेसर डॉ. अजय चौहान ने मुख्य अतिथि डॉ. समिधा शर्मा को पुष्पगुच्छ भेंट कर सम्मानित करके किया। अपने संबोधन में डॉ. समिधा शर्मा ने विद्यार्थियों को आयुष, वात-पित्त नियंत्रण और स्वस्थ जीवन शैली पर महत्वपूर्ण सुझाव दिए। अभियान के अंतिम दिन छात्रों और संकाय सदस्यों की विशेष भागीदारी रही।इस आयोजन में प्रो. सुजाता, प्रो. रीटा देवी, प्रो. नेहा रानी, प्रो. मोनिका शर्मा, और प्रो. प्रभजोत ने महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। वहीं, सहिल अरोड़ा (एम.कॉम फाइनल) और जतिन कुमार (बी.एससी फाइनल) ने छात्र समन्वयक की भूमिका निभाई। यह अभियान विद्यार्थियों के शारीरिक व मानसिक स्वास्थ्य के प्रति जागरूकता बढ़ाने में बेहद सफल रहा।

# समाधान शिविर में लोगों की समस्याओं को गंभीरता से लें अधिकारी : पूजा कुमारी

हरिभूमि न्यूज ⏭ अंबाला

नगराधीश पूजा कुमारी ने कहा कि सभी अधिकारी समाधान शिविर मे अपनी समस्याओं को लेकर आने वाले हर प्रार्थी की समस्याओं को गम्भीरता से ले और तत्परता से उनका समाधान करे। नगराधीश वीरवार को डीसी कार्यालय के सभागार में आयोजित समाधान शिविर की अध्यक्षता कर रही थी और शिविर में बैठे विभिन्न विभाग के अधिकारियों को आवश्यक दिशा निर्देश दे रही थी। नगराधीश पूजा कुमारी ने कहा कि उपायुक्त अजय सिंह तोमर के मार्गदर्शन में जिले में प्रत्येक कार्यदिवस में सुबह 10 बजे से 12 बजे तक समाधान शिविर आयोजित किए जा रहे है, इन शिविरों में

अंबाला। शिविर में लोगों की समस्याओं को हल करते हुए अधिकारी। फोटो : हरिभूमि

विभिन्न विभाग के अधिकारी एवं कर्मचारी एक छत के नीचे बैठ कर लोगो की समस्याओ का मौके पर ही या तय समय सीमा में समाधान करते है। उन्होंने यह भी कहा कि समाधान शिविर लगाने का मुख्य उदेश्य आमजन की समस्याओं का त्वरित समाधान करना है।

# लेन ड्राइविंग के नियमों की उल्लघंना करने पर यातायात पुलिस ने किए बीस वाहनों के चालान

- निर्धारित गति सीमा व बाँई लेन में चले जिससे सड़क हादसों में कमी लाई जा सके

हरिभूमि न्यूज ⏭ अंबाला

मोटर वाहन अधिनियम-2017 की धारा 4 के भाग 5 के अन्तर्गत निर्धारित गति सीमा व बाँई लेन में ना चलकर नियमों की उल्लघंना करने पर आज 06 फरवरी 2025 को 20 भारी वाहनों के चालान किए और बीते 37 दिनों में 1155 भारी वाहनों के चालान किए जा चुके हैं। पुलिस अधीक्षक अम्बाला ने उप-पुलिस अधीक्षक, यातायात अम्बाला व प्रबन्धक थाना यातायात को निर्देश दिए थे कि आप मोटर वाहन अधिनियम-2017 की धारा 4 के भाग 5 अन्तर्गत सुनिश्चित करेंगे कि प्रत्येक भारी वाहन व गति प्रतिबन्धित वाहन अपनी निर्धारित गति सीमा में बाँई लेन में चले जिससे सड़क सुरक्षा सुनिश्चित की जा सके और ओवरटेक करते समय किसी भी वाहन चालक को कठिनाई का सामना ना करना पड़े तथा सड़क हादसों से बचा जा सके। यदि कोई भी वाहन चालक मोटर वाहन अधिनियम-2017 की धारा 4 के भाग 5 के अन्तर्गत निर्धारित गति सीमा व बाँई लेन में ना चलकर नियमों की उल्लघंना करता है तो उसका चालान किया जाए। पुलिस अधीक्षक अम्बाला के निर्देशों की पालना एवम सड़क सुरक्षा सुनिश्चिति करने के लिए 06 फरवरी 2025 को यातायात पुलिस अम्बाला ने मोटर वाहन अधिनियम-2017 की धारा 4 के भाग 5 के अन्तर्गत 20 भारी वाहनों के चालान किए। यह अभियान आगे भी जारी रहेगा। पुलिस अधीक्षक अम्बाला ने वाहन चालकों से अपील करते हुए कहा कि सड़क सुरक्षा सुनिश्चित करने व वाहनों के सुचारू-रूप से आवागमन हेतू यह अनिवार्य है कि हम मोटर वाहन अधिनियम-2017 की धारा 4 के भाग 5 के अन्तर्गत निर्धारित गति सीमा व बाँई लेन में चले जिससे सड़क हादसों में कमी लाई जा सके।

# निकाय चुनावों में जीत के लिए पूरी ताकत झोंकनी होगी : आशीष तायल

हरिभूमि न्यूज ⏭ अंबाला

हरियाणा में नगर निकाय चुनावों की घोषणा के बाद भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) ने अपनी तैयारियों की समीक्षा करते हुए कार्यकर्ताओं से चुनाव में पूरी ताकत लगाने का आह्वान किया है। भाजपा नेता व पूर्व जिला कोषाध्यक्ष आशीष तायल ने प्रेस बयान जारी करते हुए कहा कि

- नायब सैनी के नेतृत्व में डबल इंजन की सरकार शानदार कार्य कर रही

भाजपा हमेशा चुनाव के लिए तैयार रहती है, क्योंकि पार्टी के कर्मठ कार्यकर्ता निरंतर जनता के बीच रहकर पार्टी का प्रचार-प्रसार करते रहते हैं। इसलिए, भाजपा को किसी विशेष तैयारी की आवश्यकता नहीं होती। आशीष तायल ने कहा कि मुख्यमंत्री नायब सैनी के नेतृत्व में प्रदेश में डबल इंजन की सरकार शानदार कार्य कर रही है। सरकार ने अपने 100 दिनों के कार्यकाल में समाज के हर वर्ग के लिए महत्वपूर्ण योजनाएं लागू की हैं, जिनका लाभ जनता तक पहुंच रहा है। उन्होंने विश्वास जताया कि आगामी 2 मार्च को होने वाले निकाय चुनावों में जनता भाजपा पर भरोसा जताते हुए ट्रिपल इंजन सरकार

आशीष तायल।

बनाएगी और विकास की गति को और तेज करेगी। उन्होंने आगे कहा कि हरियाणा के समग्र विकास के लिए यह आवश्यक है कि निकाय चुनावों में भाजपा के उम्मीदवारों को भारी मतों से विजयी बनाया जाए, ताकि प्रदेश में चहुंमुखी विकास को और गति मिल सके। भाजपा द्वारा चलाए जा रहे सदस्यता अभियान का जिक्र करते हुए तायल ने कहा कि हरियाणा में इस अभियान को अभूतपूर्व समर्थन मिला है, जिससे यह स्पष्ट होता है कि मुख्यमंत्री नायब सैनी के नेतृत्व में सरकार के कार्यों से जनता संतुष्ट है। उन्होंने कांग्रेस सरकार पर निशाना साधते हुए कहा कि कांग्रेस के शासनकाल में हरियाणा पिछड़ा हुआ था, लेकिन 2014 के बाद भाजपा सरकार आने के बाद प्रदेश विकास के पथ पर अग्रसर हुआ है। उन्होंने जनता से अपील की कि आगामी निकाय चुनावों में भाजपा के समर्पित उम्मीदवारों को विजयी बनाकर अपने शहर और क्षेत्र के विकास को सुनिश्चित करें।

# शैक्षणिक संस्थानों में डिजीलॉकर वर्तमान समय की मांग : शुभम

- कार्यशाला के दौरान विस्तृत अंक प्रमाण पत्र (डीएमसी) और डिग्री प्रमाण पत्र को डिजीलॉकर पर अपलोड करने के लिए एक टेम्पलेट पर चर्चा की गई

हरिभूमि न्यूज ⏭ थानेसर

कुरुक्षेत्र विवि के कुलपति प्रोफेसर सोमनाथ सचदेव के मार्गदर्शन में डिजीलॉकर पोर्टल पर शैक्षणिक दस्तावेज अपलोड करने हेतु आयोजित कार्यशाला में इलेक्ट्रॉनिक्स और सूचना प्रौद्योगिकी मंत्रालय, दिल्ली से शुभम ने बतौर मुख्य वक्ता कहा कि शैक्षणिक संस्थानों में डिजीलॉकर वर्तमान समय की मांग है। डिजीटल युग में सभी विश्वविद्यालयों के लिए अपने परीक्षा परिणाम (डीएमसी और डिग्री प्रमाण पत्र) को डिजीलॉकर पर अपलोड करना अत्यंत आवश्यक हो गया है, क्योंकि ये डिजिटल दस्तावेज सत्यापन के लिए व्यापक रूप से स्वीकार किए जाते हैं। कार्यशाला के दौरान विस्तृत अंक प्रमाण पत्र (डीएमसी) और डिग्री प्रमाण पत्र को डिजीलॉकर पर अपलोड करने के लिए एक टेम्पलेट पर चर्चा की गई और इसे अंतिम रूप दिया गया। कार्यशाला में डॉ. प्रदीप कुमार, नोडल अधिकारी, डिजीलॉकर सेल एवं निदेशक, आईटी सेल, डॉ. अंकेश्वर प्रकाश, परीक्षा नियंत्रक एवं नोडल अधिकारी, टीपीएमसी, प्रो. राकेश कुमार, अध्यक्ष, कंप्यूटर विज्ञान एवं अनुप्रयोग विभाग; आईयूएमएस टीम और परीक्षा शाखा के सदस्य तथा डॉ. पूनम चौधरी, सिस्टम प्रोग्रामर, डिजीलॉकर सेल ने भाग लिया। गौरतलब है कि डिजीलॉकर के माध्यम से उत्पन्न दस्तावेज मूल प्रमाण पत्र के समान ही वैध माने जाते हैं और आधिकारिक उद्देश्यों के लिए मान्य होते हैं। ये पहल डिजिटल गवर्नेंस को बढ़ावा देने और भारत सरकार के पेपरलेस, सुरक्षित और प्रभावी शिक्षा प्रणाली के लक्ष्य को प्राप्त करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है।

# स्पष्ट लक्ष्य व कड़ी मेहनत सफलता की मजबूत सीढ़ी

जींद। बच्चों को संबोधित करते हुए महंत शुक्राईनाथ। फोटो : हरिभूमि

हरिभूमि न्यूज ⏭ जींद

विद्या भारती हरियाणा द्वारा संचालित गोपाल विद्या मंदिर विद्यालय में कोथ गांव मठ के महंत शुक्राईनाथ योगी का अपने पूरे दल के साथ आगमन हुआ। विद्यालय प्रधानाचार्य अजय कौशिक ने शुक्राईनाथ महाराज व उनकी पूरी टीम का विद्यालय पहुंचने पर अभिनंदन व स्वागत किया।

सनातन धर्म के प्रचार प्रसार व नशा मुक्ति जैसे संकल्पों को लेकर चलने वाले शुक्राईनाथ महाराज ने विद्यालय परिवार को संबोधित करते हुए कहा कि हमें अपने धर्म की रक्षा के लिए सदैव तत्पर रहना चाहिए। उन्होंने कहा कि समाज से नशे जैसी बुराइयों को समाप्त कर हमें सनातन संस्कृति के अनुसार जीवन यापन करना चाहिए। क्योंकि जिस व्यक्ति का चरित्र महान है वही व्यक्ति समाज को उन्नति के मार्ग पर लेकर जाता है। महाराज ने विद्या भारती के विद्यालयों की वंदना व्यवस्था की प्रशंसा करते हुए संस्कृत वंदना द्वारा मां सरस्वती की स्तुति करने वाली छात्रा बहनों का पारितोषिक देकर उत्साहवर्धन किया।

# शिक्षा हमारे जीवन की आधारशिला: बाबूलाल

कैथल। बुधवार को जाट शाइनिंग स्टार पब्लिक स्कूल में 10वीं और 12वीं कक्षा के विद्यार्थियों के लिए वार्षिक परीक्षा से पहले उज्जवल भविष्य की कामना के लिए भव्य हवन समारोह का आयोजन किया गया। विद्यार्थियों को परीक्षा के लिए शुभकामनाएं दी गई। इस अवसर पर विद्यालय के प्राचार्य श्री पंकज गुप्ता जी ने कहा कि हवन समारोह से वातावरण शुद्ध होता है और सकारात्मक ऊर्जा का संचार होता है। समस्त स्टाफ सदस्यों और विद्यार्थियों ने आहूति डाली। पूणार्हुति के बाद मिष्ठान भी बांटा गया। पंडित ने पूरे विधि-विधान के साथ यज्ञ संपन्न करवाया। इस अवसर पर विद्यालय के प्राचार्य मिस्टर पंकज गुप्ता ने कहा कि हवन-यज्ञ का हमारे जीवन में विशेष महत्व है। उन्होंने कहा कि प्राचीन काल में बिना हवन यज्ञ के कोई शुभ कार्य संपन्न नहीं होता था। उन्होंने विद्यार्थियों को परीक्षा के लिए शुभकामनाएं देते अच्छे से मन लगाकर परीक्षा देने और अच्छे अंक लाने को प्रेरित किया।

**निरीक्षण** कार्यालय की कार्य प्रणाली को देखा और प्रशासनिक प्रक्रियाओं का निरीक्षण भी किया

# डीसी ने एसडीएम कार्यालय अंबाला छावनी का दौरा कर व्यवस्थाओं का लिया जायजा

- बातचीत कर नागरिकों को प्रदान की जाने वाली सेवाओं के बारे में जानकारी प्राप्त की

हरिभूमि न्यूज ⏭ अंबाला

उपायुक्त अजय सिंह तोमर ने आज एसडीएम कार्यालय अंबाला छावनी का औचक निरीक्षण करत हुए यहां पर व्यवस्थाओं का जायजा लिया। इस दौरान उन्होने कार्यालय की कार्य प्रणाली को देखा और प्रशासनिक प्रक्रियाओं का निरीक्षण भी किया। निरीक्षण के दौरान उपायुक्त ने एसडीएम कार्यालय व तहसील में अपने कार्यों के लिए वहां

अंबाला। निरीक्षण करते उपायुक्त। फोटो : हरिभूमि

आए लोगों से भी बातचीत की और नागरिकों को प्रदान की जाने वाली सेवाओं के बारे में जानकारी प्राप्त की, जिस पर लोगों ने संतोष व्यक्त किया। उपायुक्त ने निरीक्षण के दौरान एसडीएम कार्यालय के अंतर्गत आने वाली विभिन्न शाखाओं व तहसील के तहत भी आने वाली शाखाओं का जायजा लेते हुए वहां की कार्यप्रणाली का भी जायजा लिया। इसके उपरांत उन्होंने अंत्योदय सरल केन्द्र का भी जायजा लिया और वहां पर कर्मचारियों द्वारा किये जा रहे कार्यो का अवलोकन किया। उपायुक्त ने अंत्योदय सरल केन्द्र में वाहनों की आरसी, ड्राईविंग लाईसेंस, जन्म प्रमाण पत्र, मृत्यु प्रमाण पत्र, एससी व ओबीसी सर्टिफिकेट, अल्पसंख्यक प्रमाण-पत्र आदि बनाने की प्रक्रिया के बारे में भी जानकारी प्राप्त की और आवश्यक दिशा-निर्देश दिये। उन्होंने कहा कि नागरिकों को प्रदान की जाने वाली सेवाओं को निर्धारित समयावधि में पूरा करें। उन्होंने निरीक्षण के दौरान सम्बन्धित कर्मचारियों को यह भी कहा कि जो भी जिम्मेवारी उन्हें दी गई है उसके तहत वे यहां पर जो लोग अपने कार्यो के लिए आते हैं उन कार्यो को वे प्राथमिकता से करें। यदि किसी कार्य के तहत दस्तावेजों में कोई कमी है तो उस बारे भी उन्हें अवगत करवाएं। इस दौरान एसडीएम विनेश कुमार ने उपायुक्त को कार्यालय की कार्यप्रणाली के बारे में विस्तार से जानकारी दी और यहां पर जो कार्य एवं सेवाएं लोगों को उपलब्ध करवाई जा रही है उसके बारे में बताया।